(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

गायत्री दातार ने ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

रविवार, 13 फरवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 55 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## योगी का तंज, जिनको स्वयं नहीं मालूम कि वे हिन्दू हैं या नहीं, वे हिन्दू की परिभाषा बता रहे

भले ही उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने हैं। लेकिन आज योगी आदित्यनाथ पड़ोसी राज्य उत्तराखंड में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। उत्तराखंड में भी विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं और आज प्रचार का आखिरी दिन है। उत्तराखंड दौरे के दौरान योगी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि जब कोई पार्टी लावारिस होती है तो उसका यही हाल होता है जो कांग्रेस का है। वहां तो इस समय एक नई होड़ लगी है कि हिन्दुओं को कितना अपमानित कर दो, जिनको स्वयं ये नहीं मालूम कि वे हिन्दू हैं या नहीं हैं वे हिन्दू की परिभाषा बोल रहे हैं।




योगी ने कहा कि उत्तराखंड सीमांत प्रदेश है, राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से इसका अपना महत्व है। उत्तर प्रदेश से लगा होने के कारण हमारी चिंता का विषय भी है। न्च में जब हम अपराधियों और माफिया के खिलाफ कार्रवाई करेंगे और उत्तराखंड में भाजपा की सरकार नहीं होगी तो वे यहां शरण लेंगे। उन्होंने काह कि कांग्रेस 1947 में राम मंदिर का निर्माण कर सकती थी लेकिन यह उनके एजेंडे में कभी नहीं था। कांग्रेस पार्टी भारत में आस्था के अपमान का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने हमेशा राम मंदिर निर्माण का विरोध करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश का सबसे सुरक्षित राज्य है। मुझे डर है कि उत्तराखंड में अपराधी और गुंडे घुस जाएंगे। हमें उत्तराखंड को यूपी की तरह सुरक्षित बनाना है। जब देश की सुरक्षा की बात आती है तो बीजेपी समझौता नहीं करती है।

विपक्ष पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि मैंने कांग्रेस का घोषणापत्र देखा है, वे राज्य में एक मुस्लिम विश्वविद्यालय बनाना चाहते हैं। उत्तराखंड सरकार ने हमेशा पर्यटन के लिए काम किया है और मेरा मानना घ्है कि इस राज्य की समृद्ध संस्कृति और विरासत के कारण बहुत बड़ा रोजगार है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उत्तराखंड का विकास भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन की सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य के सीमावर्ती गांवों में बुनियादी ढांचे का विकास भाजपा की प्राथमिकता है और लोगों को पर्वतमाला एवं वाइब्रेंट ग्राम परियोजनाओं से लाभ होगा।

## आर्मी ज्वाइन कर मेजर बनना चाहता था 12वीं कक्षा का छात्र, फिर क्यों अचानक उठाया ऐसा कदम

जम्मु–कश्मीर के पुलवामा जिले के एक सुदूर गांव में, एक पुलिसकर्मी अपने बेटे की तलाश कर रहा है, जिसके आतंकवादियों में शामिल होने का संदेह है। इस वजह से मोहम्मद अशरफ पिछले एक हफ्ते से ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। वह अपने बेटे कैसर अहमद डार को बचाने के लिए कोई सुराग ढूंढने में जुट गए है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कक्षा 12 के बोर्ड के नतीजे आने से चार दिन पहले पिछले हफ्ते लापता हुए 17 वर्षीय ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किए थे।अपने बेटे कैसर की सफलता का जश्न मनाने के लिए जहां मां नसीमा बेगम मिठाइयों के साथ इंतजार कर रही है वहीं यह जश्न अब मातम में तब्दील हो गया है।



नसीमा बेगम का कहना है कि उनका बेटा कैसर सेना में शामिल होकर मेजर बनना चाहता था। बता दें कि, कैसर तुगन गांव के करेवास पर चुपचाप अपने घर से निकल गया, अपना फोन बंद कर दिया और अचानक गायब हो गया। मां नसीमा बेगम ने कहा कि, वह हमेशा मुझसे कहता था कि वह सेना में मेजर बनना चाहता है लेकिन मैं उसे डॉक्टर बनने के लिए कहती थी।उसका जुनून सेना में शामिल होने का था। फूट–फूट कर रो रही कैसर की मां एक हाथ में मिठाइयों का डिब्बा लेकर बैठी हुई है। बता दें कि, बेटे कैसर से उन्हें उम्मीद थी कि, वह सर्वश्रेष्ठ अंक ही लाएगा। उसने कहा कि, मैंने ये मिठाइयां उसके रिजल्ट आने से पहले खरीदी थीं। मैं इंतजार नहीं कर सकती थी। अब यह मिठाइयां सड़ रही है। जानकारी के लिए बता दें कि, घाटी में कई युवा और प्रभावशाली युवा आतंकवाद के शिकार हुए हैं। परेशान परिवार ने सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर बेटे से वापस लौटने की गुहार लगाई है। उन्होंने उसके बंधकों और उग्रवादी समूहों से भी उसे वापस भेजने की अपील की है ताकि वह अपनी शिक्षा पूरी कर सके। परिजन वीडियो में कहते नजर आ रहे है कि, कैसर, वापस आ जाओ। वापस आ जाओ। तुम्हारी बहन तुम्हारा इंतजार कर रही है। क्या तुम उसके रक्षक नहीं हो? तुम उसे अकेला कैसे छोड़ सकते हो?ष यदि आप एक उग्रवादी समूह या कोई और हैं, तो कृपया भगवान के लिए उसे मुक्त करें। उसकी कम उम्र पर विचार करें और उसे घर वापस जाने की अनुमति दें। बता दें कि, पिछले साल में, 100 से अधिक स्थानीय युवा आतंकवाद में शामिल हुए हैं, उनमें से अधिकांश सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ों के दौरान मारे गए हैं। अधिक से अधिक युवा आतंकवाद की ओर धकेले जाते हैं। आतंकवादी हैंडलर इन युवाओं को पिस्तौल देते हैं और उन्हें नागरिक या निहत्थे पुलिसकर्मी पर हमले करने के लिए कहते हैं। पुलिस का कहना है कि वे कुछ सुरागों पर काम कर रहे हैं और किशोरी की जान बचाने की कोशिश करेंगे।

## कार टच होने पर पुलिसकर्मियों के सामने महिला ने युवक को बीच सड़क पर मारा चांटा



भोपाल। राजधानी भोपाल में थप्पड़ कांड का एक मामला सामने आया है। पुलिस चेकिंग के दौरान कार साइड करने के पर टच होने से नाराज महिला ने बीच सड़क पर कार चालक को चांटा मारा है। महिला बीच सड़क पर तमाशा करते हुए युवक को चांटा मारती रही। और उसी समय पुलिसकर्मी और राहगीर तमाशा देखते रहे। थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दरअसल पूरा मामला भारत टॉकीज चौराहे का है। चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने युवक की कार रोकी थी। इसी दौरान हिजाब पहने महिला वहां से गुजर रही थी। वहीं पुलिस के रोकने पर युवक कार को सड़क के साइड लगा रहा था। इसी दौरान कार महिला को टच हो गई। आपको बता दें कि कार टच होने पर महिला गुस्सा हो गई और बीच सड़क पर युवक से बहस करने लगी। महिला ने बहस करते हुए युवक को पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में चांटा मार दिया। लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी ने महिला को रोकने का प्रयास नहीं किया। इससे पहले भोपाल में युवतियों के हिजाब पहनकर बाइक चलाने का एक वीडियो तेजी से हुआ था। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर श्खान सिस्टर्सश के नाम से शेयर किया था। यह वीडियो के बाद हिजाब और बुर्के पर पॉलिटिक्स तेज हो गई है।

## सिख दंगे को लेकर जेपी नड्डा का कांग्रेस पर तंज

### कहा– जिनके हाथ खून से रंगे थे, वे वोट मांगने आ रहे हैं

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज पंजाब में है। पंजाब में उन्होंने चुनावी सभा किया अपने चुनावी सभा में जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। जेपी नड्डा ने कहा कि पंजाब की धरती वीरों की धरती है, धार्मिक गुरुओं की धरती है, पुण्यभूमि है। देश की आजादी से लेकर, देश की सुरक्षा के लिए पंजाब के वीरों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ये शहीद भगत सिंह जी की भूमि है। मैं ऐसी भूमि को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि पंजाब के बारे में, सिख भाइयों के बारे में सभी लोगों ने बड़ी–बड़ी बातें की। लेकिन आज तक किसी ने सिख भाइयों के लिए, किसानों के लिए वो सब नहीं किया, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। नड्डा ने कहा कि गुरुद्वारों में पहुंचने वाले लंगर के सामान पर पहले की सरकारों में टैक्स लगता था। मोदी जी ने सभी गुरुद्वारों को लंगर के लिए टैक्स फ्री कर दिया। करतारपुर साहिब कॉरिडोर के लिए वर्षों से मांग हो रही थी। कितने ही नेता आए जो पंजाब की और देश की गद्दी पर बैठे, लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया। मोदी जी ने 120 करोड़ रुपये की लागत से करतारपुर कॉरिडोर बनाकर लाखों श्रद्धालुओं के गुरुद्वारे तक जाने की व्यवस्था की है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 1984 में दिल्ली में दंगे हुए। कांग्रेस पार्टी के नेता तब कहते थे कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब ये आपके सामने वोट मांगने आए हैं। नड्डा ने कहा कि ये वो लोग थे, जिन्होंने दंगों में अपने हाथ खून से रंगे थे, ये वो कांग्रेसी थे, जिन्होंने मानवता को शर्मशार किया था। ये वो कांग्रेसी थे जिन्होंने आजाद भारत में ऐसी स्थिति ला दी जिसमें भाई–भाई को मारने लगा था। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब में 2014 में 18 लाख स्कॉलरशिप थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इन्हें बढ़ाकर 31 लाख कर दिया है। करीब 1517 नए स्कूल बने हैं। भारत सरकार ने 2014 के बाद 6 नवोदय विद्यालय खोले गए हैं। 14 स्पोर्ट्स सेंटर बने हैं। हमारे गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे जिन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा, उन्होंने धर्म की लड़ाई लड़ते–लड़ते अपना बलिदान दिया था। मोदी जी ने 26 दिसंबर को श्वीर बाल दिवसश जो सारे देश में मनेगा इसकी घोषणा की।



## चलती ट्रेन में युवती के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म, आरोपियों को किया गिरफ्तार



भोपाल। राजधानी भोपाल से मानवता को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। जानकारी मिली है कि मानसिक विक्षिप्त युवती से चलती ट्रेन में गैंगरेप हुआ है। ट्रेन नंबर 12629 यशवंतपुर–निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस में अबनॉर्मल युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ है। बताया जा रहा है कि पैंट्री कार के स्टाफ ने पैंट्री कार के अंदर इस वारदात को अंजाम दिया। भोपाल ळत्च् पुलिस ने कार्रवाही करते हुए पेंट्री कार मैनेजर सहित 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात कर पैंट्री कार स्टाफ के कुछ लोग अब फरार भी हैं। दरअसल वारदात शुक्रवार रात में हुई है ऐसी जानकारी सामने आ रही है। 12629 यशवंतपुर–निजामुद्दीन संपर्कक्रांति में रात 9.30 से 10रू00 के बीच टिमरनी ओर चारखेड़ा के बीच पैंट्री कार में मानसिक विक्षिप्त युवती से पेंट्री कार मैनेजर सहित स्टाफ के लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। जिसके बाद डिप्टी स्टेशन मैनेजर अनिल शर्मा ने कहा कि ळत्च् पुलिस दबाव के बाद पैंट्री कार स्टाफ ने आधे घंटे के बाद गेट खोला गया। पैंट्री कार स्टाफ ने अंदर से लॉक कर रखा था। फिलहाल युवती को मेडिकल के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। वहीं ये भी जानकारी मिली है कि पूरी वारदात में पेंट्री कार मैनेजर भी शामिल है। पेंट्री कार मैनेजर ने भी विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म किया था। हालांकि आरोपी भूपेन्द्र तोमर को जीआरपी पुलिस ने झाँसी से गिरफ्तार कर लिया है। इस वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया था। फोटो की मदद से भोपाल जीआरपी ने आरोपी की शिनाख्त करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

## चीन और पाकिस्तान को मिलेगा करारा जवाब, लेटेस्ट सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफल से लैस हुई भारतीय सेना

सीमा मुद्दे को लेकर चीन के साथ चल रहे विवाद के बीच भारतीय सेना ने उत्तरी सिक्किम में तैनात सैनिकों को लेटेस्ट सिग सॉयर असॉल्ट राइफलें और ऑल–टेरेन व्हीकल (एटीवी) उपलब्ध कराए गए हैं। कई सालों तक इंसास राइफल्स की मदद से आतंकियों और दुश्मनों से लड़ने के बाद अब सेना के पास लेटेस्ट सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफल है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), नियंत्रण रेखा (एलओसी) से ये राइफलें आतंकवाद से प्रभावित कई इलाकों में तैनात जवानों को मुहैया कराई गई हैं। इन राइफलों का इस्तेमाल उज्बेकिस्तान के साथ चल रहे अभ्यास श्डस्टलिकश में भी हो रहा है। सिग–716 का निर्माण अमेरिकी कंपनी शसिग सायरश ने किया है। यह कंपनी दुनिया में बेहतरीन राइफल बनाने के लिए जानी जाती है। सिग–716 को एलओसी, एलएसी सहित उग्रवाद विरोधी अभियानों के लिए उपलब्ध कराया गया है। भारतीय सेना आमतौर पर एके–47 का इस्तेमाल करती रही है। इसके अलावा लंबे समय तक इंसास का भी इस्तेमाल किया जाता था। कश्मीर में आतंकी पहले से ही एके–47 का इस्तेमाल कर रहे हैं जिसकी मारक क्षमता 300 मीटर है। इंसास की रेंज 400 मीटर हो सकती है। इसका 5.56 मिमी कैलिबर दुश्मन को घायल कर देगा, जिससे बहुत करीब से गोली मारने पर मौत हो जाएगी। नतीजा यह रहा कि कई गोलियां लगने के बाद भी आतंकवादी लड़ते रहे। तालिबान के खिलाफ अमेरिकी सेना को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ा था। इसके बाद एक नए प्रकार की असॉल्ट राइफल का विकास शुरू हुआ। इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, 13 कुमाऊं के एक सैनिक ने उज्बेकिस्तान के साथ डस्टलिक अभ्यास में इस्तेमाल की गई सेना की बिल्कुल नई सिग सॉयर 716 असॉल्ट राइफलों के बारे में बताया था। सिग सॉयर 716 को 7.62 • 51 मिमी राउंड फायर करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी रेंज 600 मीटर है, जो एके–47 से दोगुनी है, यानी आतंकियों को उनके करीब जाए बिना भी निशाना बनाया जा सकता है। इसमें शॉर्ट–स्ट्रोक पिस्टन–चालित ऑपरेटिंग सिस्टम है, जिसके परिणामस्वरूप ऑपरेटर को कम झटका लगता है, जिसका अर्थ है कि सटीकता बढ़ जाती है। इसमें ड1913 मिलिट्री स्टैण्डर्ड रेल्स भी मिलती हैं जिन पर नाइट विजन डिवाइस, टार्च या मिशन की आवश्यकता के अनुसार कोई अन्य उपकरण लगाया जा सकता है।



## संगीत सोम पर पीठासीन अधिकारी को पीटने पर मारपीट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

मेरठ में चुनाव के दौरान सरधना के सलावा गांव में बूथ पर धीमा मतदान कराने के आरोप में विधायक के समर्थकों ने हंगामा कर दिया था।सूचना पर पहुंचे विधायक संगीत सोम ने बूथ पर मौजूद पीठासीन अधिकारी की पिटाई कर दी थी। संगीत सोम के खिलाफ पीठासीन अधिकारी से मारपीट करने और निर्वाचन कार्य में बाधा डालने समेत लूट का मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीएम और एसएसपी के आदेश पर सरधना इंस्पेक्टर ने सात धाराओं में कार्रवाई की है। हालांकि चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस को विधायक का पता नहीं मालूम और अज्ञात पता दिखाया है। सरधना के सलावा प्राथमिक विद्यालय बूथ नंबर 131 पर 10 फरवरी को मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी की पिटाई हुई थी। घटना के दौरान भाजपा प्रत्याशी विधायक संगीत सोम पर पीठासीन अधिकारी अश्वनी शर्मा को पीटने का आरोप लगा।




## शिवसेना गोवा में भविष्य के सभी चुनाव लड़ेगी, भाजपा ने पीठ में छुरा घोंपाः आदित्य ठाकरे

पणजी। गोवा में चुनाव से पहले शिवसेना अपना दमखम दिखा रही हैं। गोवा ने 12 फरवरी को चुनाव प्रचार थम जाएगा लेकिन उससे पहले सभी पार्टियां लगातार रैलियां करके चुनाव प्रचार कर रही हैं। शिवसेना ने गोवा में पूरी तरह से एक्टिव न होने का ठीकरा प्रचार के दौरान भाजपा पर फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की दोस्ती के कारण गोवा पर पूरी तरह से ध्यान नहीं दे सके क्योंकि उन्हें लग रहा था भाजपा अच्छा काम कर रही हैं लेकिन सच्चा अलग थी। गोवा गलत हाथों में हैं। शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ दोस्ती के कारण पहले गोवा पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकी, लेकिन भाजपा द्वारा पीठ में छुरा घोंपे जाने के बाद अब शिवसेना ने पंचायत स्तर से लेकर आम चुनाव तकतटीय राज्य में भविष्य के सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया है।



उन्होंने कहा कि गोवा को शिवसेना की जरूरत है क्योंकि केंद्र और राज्य में सत्ता में होने के बावजूद भाजपा सतत विकास में विफल रही है। उल्लेखनीय है कि 2019के महाराष्ट्र चुनाव के बाद शिवसेना भाजपा से अलग हो गई थी और उसने वहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)तथा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई। शिवसेना 14फरवरी को होने जा रहे गोवा विधानसभा चुनाव में राकांपा के साथ मिलकर लड़ रही है।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने इस बार गोवा में 10 उम्मीदवार उतारे हैं। गोवा के दिवंगत मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला करने के बाद पार्टी ने पणजी सीट से अपने उम्मीदवार शैलेंद्र वेलिंगकर को वापस ले लिया है। भाजपा के टिकट देने से इनकार करने के बाद उत्पल पर्रिकर ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का फैसला किया। ठाकरे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भाजपा के साथ दोस्ती के कारण शिवसेना ने अतीत में गोवा पर ध्यान केंद्रित नहीं किया था। लेकिन राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए, जिसमें भाजपा ने शिवसेना की पीठ में छुरा घोंपा, हमने गोवा में भविष्य के सभी चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हम यहां से पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ेंगे... गोवा को शिवसेना की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गोवा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। ठाकरे ने कहा, पानी और बिजली की आपूर्ति जैसी समस्याएं अभी भी लोगों के सामने आ रही हैं। अगर ऐसा है, तो हम यह समझने में विफल रहते हैं कि राज्य ने प्रगति की है या नेताओं ने प्रगति की है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसका प्रचार अभियान समाज में विभाजन पैदा करने, नफरत फैलाने पर केंद्रित रहा है और उसके नेताओं ने अप्रासंगिक मुद्दों पर बात कीजिसके कारण वास्तविक मुद्दों पर आवश्यक ध्यान नहीं दिया गया।

# सोहरवा मे सपा प्रत्याशी ने बूथ कार्य कर्ताओं को किया सम्बोधित

बहराइच।विधानसभा क्षेत्र मटेरा के अंतर्गत ग्राम सभा सोहरवा में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मारिया शाह के समर्थन में समाजवादी पार्टी की तरफ से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव व संचालन पार्टी के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफर उल्ला खांश्बंटीश ने किया। बैठक में चुनावी रणनीति, बूथ व सेक्टर पदाधिकारियों के साथ चर्चा, मटेरा विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं को चुनाव में समाजवादी के पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए सेक्टर वाइस सभी को जिम्मेदारिया सौंपी गयी। कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष मटेरा जवाहर यादव ने किया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मटेरा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी मारिया शाह रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि पार्टी का बूथ लेबल व सेक्टर लेबल का कार्यकर्ता ही पार्टी की नींव होता है।इसलिए पूरे बहराइच जनपद में इस बार साईकिल दौड़ेगी और अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री और मारिया शाह मटेरा विधायक बनेंगी। इस अवसर पर विधानसभा मटेरा से सपा प्रत्याशी मारिया शाह ने बैठक में उपस्थित सभी पितातुल्य बुजुर्गों, माताओ बहनों व नवजवान भाईयों ,कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और सभी से 27 फरवरी को समाजवादी पार्टी को वोट करने की अपील की। बैठक को वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान, वरिष्ठ नेता वसीम शेरवानी, वरिष्ठ नेता हरिकेश सिंह,संजय सिंह प्रधान, सपा नेता अल्ताफ रसूलशबिन्नीश, जनवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौहान, मोती प्रधान, डॉ० दिनेश यादव, देवी दयाल यादव प्रधान, स०जि०प० मेराज अहमद,स०जि०प० अकील अहमद, मुस्लिम भाई, छोटन खां, श्याम यादव, रंगीलाल पूर्व प्रधान, शहाबुद्दीन प्रधान, आदिल प्रधान, अब्दुल कादिर टाटा भाई, मुख्तार अहमद, अनीस प्रधान, जाबिर हाफिज , बिलाल बेग, सुंदर लाल, बाबू खान, अमित यादव, ललित वर्मा, गुड्डू सिंह सहित तमाम जन उपस्थित रहें।

# निर्वाचन व्यवस्था के सम्बन्ध में डीएम ने की अधिकारियों के साथ बैठक

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन कराये जाने, पोस्टल बैलेट पेपर की व्यवस्था, दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था, मॉडल बूथों की स्थापना एवं साज–सज्जा, वीडियोग्राफी एवं वेब कास्टिंग इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वृहस्पतिवार को देर शाम सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक किये गये प्रबन्धों की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 में दिव्यांगजनों को सुगमतापूर्वक मतदान हेतु आयोग द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिये व्हीलचेयर की व्यवस्था एवं सुगम्य मतदान हेतु विधानसभा बहराइच के नगरीय क्षेत्रों हेतु सीएमओ, सीएमएस, डीडीईओ, ग्रामीण क्षेत्रों हेतु मतदान स्थल तक दिव्यांगजनो को पहुँचाने हेतु व्हीलचेयर ट्राईसाइकिल की व्यवस्था हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी व समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

डॉ. चन्द्र ने बताया कि जनपद के प्रत्येक मतदान स्थल पर दिव्यांगजनों का सुगमतापूर्वक एवं शतप्रतिशत मतदान कराने हेतु दिव्याग सहायकध्मित्र के रूप में समस्त बूथ लेबिल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। समस्त दिव्यांग मतदाताओं को मतदान हेतु सूचित करना, मतदेय स्थल पर दिव्यांग मतदाता का सहायक बनकर निष्पक्ष मतदान कराना, सुगम्य मतदान हेतु यथा आवश्यक सहायक उपकरण की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी समस्त बूथ लेबिल अधिकारियों को होगी। डीएम डॉ. चन्द्र ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सौंपें गये दायित्वों का अनुपालन सुनिश्चत करें एवं यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें की कोई भी दिव्यांगजन व्हीलचयरध्ट्राईसाइकिल के अभाव में मतदान से कोई वंचित न होने पायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, अपर जिलाधिकारी मनोज, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी राजेश कुमार मिश्र, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल, रिटर्निंग आफिसर्स सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# सामान्य प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों व उनके अभिकर्ताओं के साथ की बैठक

## आयोग के दिशा निर्देशों की प्रदान की जानकारी, उपलब्ध कराये गये आवश्यक दस्तावेज

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद में नियुक्त किये गये प्रेक्षकों द्वारा सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसर्स की उपस्थिति में प्रत्याशियों एवं उनके एजेन्टों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता, कोविड गाइडलाइन तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए अपेक्षा की गयी कि आदर्श आचार संहिता के साथ–साथ कोविड–19 संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में आयोग, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन व दिशा निर्देशों का पालन करते हुए दोस्ताना माहौल में चुनाव लड़ते हुए विधानसभा चुनाव को आयोग की मंशानुरूप सम्पन्न करानें में सहयोग प्रदान करें। बैठक के दौरान प्रत्याशियों तथा उनके अभिकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा आदर्श आचार संहिता सम्बन्धी दिशा–निर्देशों सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियॉ भी उपलब्ध करायी गयीं।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा के प्रेक्षक बेजोप केन्या व बहराइच के डॉ. चन्द्रकान्त लक्ष्मणाव पुलकुंदवार के कलेक्ट्रेट सभागार में तथा नानपारा के चिन्मय पुण्डलिकराव गोटमारे, महसी के देवाशीष दास, पयागपुर के मनोज कुमार मणिकराव सूर्यवंशी तथा कैसरगंज के प्रदीप गोविन्द चौधरी ने रिटर्निंग आफिसर्स कक्ष में प्रत्याशियों तथा उनके अभिकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए आदर्श आचार संहिता का शत–प्रतिशत अनुपालन करने पर बल दिया गया।

बैठक के दौरान प्रत्याशियोंध राजनैतिक दलों को व्यय लेखा रजिस्टरध्अनुमन्य रेट लिस्ट उपलब्ध कराया गयी तथा उन्हें बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा तय व्यय सीमा तक व्यय किया जाये तथा व्यय का ब्यौरा निर्धारित प्रारूप एवं समय सीमा के अन्तर्गत उपलब्ध कराया जाये। प्रत्याशियों तथा उनके एजेन्टों को प्रचार–प्रसारध्वाहन आदि की अनुमति के लिए रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में स्थापित सिंगल विन्डो सिस्टम एवं ऑनलाइन सुविधा पोर्टल के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी। बैठक के दौरान प्रत्याशियों तथा उनके एजेन्टों को निर्वाचन अभिकर्ता, पोलिंग एजेन्ट, मतगणना एजेन्ट की नियुक्ति, उनके कर्तव्य एवं अधिकार तथा उनके प्रशिक्षण के बारे में जागरूक करते हुए अपेक्षा की गयी कि प्रस्तावित ईवीएम रेण्डमाइजेशन एवं मॉक पोल के समय नवीन मण्डी स्थल बहराइच में उपस्थित रहें ताकि आप स्वयं पूरी प्रक्रिया को देख सकें। प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं को सी–विजिल ऐप व 1950 हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी। प्रेक्षकों द्वारा प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं से अपेक्षा की गयी कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्याधशिकायत मिलने पर सामान्य प्रेक्षकों के मोबाइल नम्बर पर सूचित कर सकते हैं। इस अवसर पर विधान निर्वाचन क्षेत्र बलहा के रिर्टनिंग आफिसर ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, नानपारा के अजित परेश, महसी के रामदास, बहराइच के सौरभ गंगवार आईएएस, पयागपुर के दिनेश कुमार व कैसरगंज के महेश कुमार कैथल सहित प्रेक्षकों के लाइजनिग आफिसर्स व अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# भाजपा ने दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर किया नमन

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 11 फरवरी सन 1968 को रेलगाड़ी में यात्रा करते समय मृत अवस्था में पहुंचा दिया गया था। जिला अध्यक्ष श्याम करण टेकरीवाल ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि षड्यंत्रकारी उस समय भले ही अपने आप को सफल समझ रहे थे लेकिन महापुरुष मरा नहीं करते महापुरुष शरीर नहीं विचार होते हैं। आज वही विचार देश पर राज कर रहे हैं ।प्रखर राष्ट्रवादी उत्कृष्ट संगठन करता एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता व हमारे मार्गदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जिला अध्यक्ष श्याम करण टेकरी वाल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष राहुल राय जिला कोषाध्यक्ष राजन सिंह जिला मीडिया प्रभारी भाजपा देवेंद्र कुमार अभिषेक गुप्ता सुदामा में प्रसाद मिश्रा पप्पू उपाध्याय मनोज जायसवाल आत्माराम यादव सहित तमाम कार्यकर्ता पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया।

# रामराज्य की परिकल्पना पर चलने वालों की होगी जीतः आरती तिवारी

अयोध्या। गोसाईगंज विधानसभा में घूरिटीकर, निधियावां, केशरुवा, बालापुर में जनसम्पर्क व चौपाल के दौरान भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी ने कहा कि सत्य की राह पर चलने वालों की हमेशा विजय होती है। गुमराह करने की राजनीति का जवाब जनता देती है। गोसाईगंज में रामराज्य की परिकल्पना पर चलने वालों की जीत होगी। जनता के सभी वर्गो का समर्थन भाजपा को मिल रहा है। जिसका परिचायक जनसम्पर्क में उमड़ने वाली भीड़ है। उन्होने कहा कि हर व्यक्ति को खुशहाल करना व उसकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारी प्राथकिता है। इसी सिद्धान्त पर पिछले पांच वर्ष काम किया गया। विना भेदभाव के विधानसभा के हर क्षेत्र का विकास किया गया। कोविड काल में हर गरीब की जरुरतों का ध्यान रखा गया। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है। इसमें सबका प्रयास भी सामहित है। सामूहिक प्रयास विधानसभा में विकास की नई पटकथा लिखेगा। इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह, राममोहन भारती, फयाराम वर्मा, राजमणि सिंह, ब्रहमादीन यादव, कमलाशंकर पाण्डेय, मधु पाठक, सुनील सिंह विद्यार्थी, फूलचंद यादव मौजूद रहे।

# श्मशान में आयोजित महा उग्रतारा महायज्ञ में आयोजित हुई दशमहाविद्या पूजा

बहराइच। नगर के सुप्रसिद्ध काल भैरव मंदिर स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट में श्री श्री श्री मां तारणीम सेवा न्यास रजि. के तत्वावधान में गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित श्री श्री पराभट्टारिका महा उग्र तारा यज्ञ में महाअष्टमी महानवमी व महादशमी पर विशेष पूजन कर महादेवी से सकल जगत कल्याण की कामना की गई।

महाचीनाचारी साधक अघोरी बाबा भैरव गौरव महाराज ने मध्य श्मशान में कुंवारी कन्याओं व सुहागिन स्त्रियों का षोडशोपचार पूजन कर महायज्ञ का आरंभ किया।दशमी तिथि को दश महाविद्या पूजन देकर देवी को तंत्रोक्त विधि से भोग दिया गया। पूजन पश्चात सभी स्त्रियों ने भोग प्राप्त किया। महाचीनाचारी साधक अघोरी बाबा भैरव गौरव जी महाराज ने बताया सभी स्त्रियों में देवी का तत्व विद्यमान है ।

उन्होंने सँस्कृत की एक लाइन में स्त्री शब्द का सार समझाया।

स्त्री याः समस्ताः सकला जगत्सु

हे जगदंबा जगत की समस्त स्त्रियां तुम्हारा ही स्वरूप हैं और शक्ति के साधक प्रत्येक स्त्री को देवी के रूप में देखते हैं ।

अतः सभी को स्त्रियों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह देवी किसी न किसी रूप में चाहे वह मां हो बहन हो बेटी हो के रूप में इस संसार में है।

अघोरी बाबा भैरव गौरव जी महाराज के शिष्य शाक्त ईशान ने बताया कि श्मशान का नाम सुनते ही जहां आम जन मानस में एक प्रकार का भय व्याप्त हो जाता है और भूत प्रेत व जलती हुई लाशों का चित्रण मन पटल पर व्याप्त हो जाता है वहीं परम पूज्य गुरुदेव जी श्मशान के मध्य महादेवी उग्र तारा की प्रतिमा स्थापित कर महा यज्ञ कर रहे हैं इस महायज्ञ में नवजात शिशुओं के साथ महिलाएं व पुरूष निर्भय होकर शामिल हो रहे हैं। श्री श्री काल भैरव श्मशान घाट सेवा मण्डल के संयोजक एवं भैरव गौरव जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य शाक्त ईशान ने बताया मां महा उग्रतारा आद्या काली का ही स्वरुप है । समुद्र मंथन के समय निकले हलाहल विष को पीने से शाम्ब सदाशिव को छोभ्य उत्पन्न हुआ,इस छोभ को शांत करने के लिए स्वयं आद्या काली शिव के मां के रूप प्रकट होकर स्तन पान करा उन्हे अछोभ्य प्रदान किया। मां उग्र तारा शिव की मां के रूप में जगत विख्यात हुई। मां तारा तंत्र मार्ग में द्वितीय महाविद्या के रूप में पूजित हैं। इन्हें तारिणी भी कहा जाता है क्योंकि ये अपने साधक को भोग व मुक्ति प्रदान करती है। वहीं पूज्य गुरुदेव इसी श्मशान में महायज्ञ मे आगामी 14 फरवरी को फाग महोत्सव का आयोजन भी करा रहे हैं। जिसमें वृन्दावन व दिल्ली के कलाकार शामिल होंगे।

# प्रियंका गांधी ने वर्चुअल बैठक से दिया संदेश

बहराइच। विधानसभा क्षेत्र बहराइच के कार्यकर्ताओं की वर्चुअल मीटिंग कांग्रेस भवन सभागार में बहराइच कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने संबोधित किया।इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पूरे दमखम के साथ चुनाव जीतना है।इस समय हर वर्ग कांग्रेस के साथ है।उन्होंने कहा कि विकास, बेरोजगारी, महिलाओं का उत्पीड़न, स्वास्थ्य, शिक्षा व किसानों के मुद्दे पर चुनाव लड़ना है। भाजपा सर्व समाज का सर्वनाश चाहती है। वर्चुअल मीटिंग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह व जोश रहा।

# हाशमी अधिवक्ता के पिता के निधन पर शोक सभा का आयोजन

बहराइच।स्थानीय तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता आर ए हाशमी और सलमान हाशमी के पिता का आकस्मिक निधन हो गया। वो काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे।श्री हाशमी अधिवक्ता के पिता के निधन पर अधिवक्ता संघ नानपारा की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और दो मिनट का मौन भी धारण किया, साथ ही परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। प्रार्थना सभा मे संघ के महासचिव निर्मल कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव निरंकार जायसवाल, पवन मिश्रा, धीरेंद्र सिंह, चतुर्भुज सहाय, चिंताराम तिवारी ,मोहम्मद जुबेर, जयदीश श्रीवास्तव , हरीश शर्मा, जगदंबा प्रसाद, अब्दुल अजीज सहित तमाम अधिवक्ता शामिल रहे। दूसरी ओर कौमी एकता सोसायटी की ओर से केशव पांडे की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन किया गया।जिसमें डॉक्टर शकील अंसारी, कृष्णपाल रस्तोगी, अख्तर जाफरी, रोशन जमीर, राम लखन, हाजी मुंनन आदि ने शोक जताया।

# सरकार ने किया यूपी में माफियाराज का खात्माः लल्लू सिंह

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने अयोध्या विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी वेद प्रकाश गुप्ता के समर्थन में फत्तेहपुर मुमताजाबाद, भदौली, समैसा, रोशननगर, खुशहालगंज, दुगवा व द्वारिकापुर में जनसम्पर्क व चौपाल के दौरान कहा कि यूपी से माफियाराज का खात्मा सरकार ने किया। हर व्यक्ति को सुरक्षा का अहसास कराया। वर्तमान में अपराधी या तो जेल में है अथवा प्रदेश छोड़कर भाग गये है। यूपी के कानून व्यवस्था की सराहना पूरे देश में हो रही है। उन्होने कहा कि भय व भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण का निर्माण वर्तमान सरकार ने किया है। भष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत काम किया गया है। उद्यमियों व व्यापारियों की अपेक्षा के अनुकूल परिवेश बनाया गया। जिससे उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बना। यहां नये उद्योग लगने से रोजगार सृजन होगा। गांव शहर व कस्बे में समृद्धि आयेगी। लघु तथा कुटीर उद्योगो को विकसित करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं दी। आत्मनिर्भरता की राह पर समाज को गतिशील किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी व नेता मौजूद रहे।

# अयोध्या में लिखी जा रही विकास की पटकथाः वेद प्रकाश गुप्ता

अयोध्या। भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने शहर के अंगूरीबाग, तेली टोला व पूरा क्षेत्र के जानापुर, अरती, खानपुर में चौपाल लगायी। चौपाल के दौरान उन्होने कहा कि अयोध्या में वैश्विक मानकों के अनुसार विकास की पटकथा लिखी जा रही है। पयर्टकों व श्रद्धालुओं को मानक के अनुसार सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि अयोध्या की गरिमा व महिमा के अनुसार विकास किया जा रहा है। विकास की परियोजनाओं के साकार रुप में आने से अयोध्या पूरे विश्व के लिए आकर्षण का केन्द्र होगी। सुविधाएं बढ़ने से अयोध्या का पयर्टन बढ़ेगा। पयर्टन बढ़ने से अयोध्या जनपद ही नहीं बल्कि इसके जुड़े जनपदों में समृद्धि आयेगी। इसका सबसे ज्यादा लाभ अयोध्या के व्यापारियों को होगा। अयोध्या से जुड़ने वाले सभी मार्गो को बेहतर परिवाहन सुविधा से युक्त किया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय मानकों से युक्त रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट जल्द अयोध्या को मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनावः आटो से लेकर हेलीकॉप्टर तक पाए प्रत्याशी

## पांचों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर्स ने प्रत्याशियों में बांटे चुनाव चिह्न

अयोध्या। चुनावी रण में उतरे प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न मिलने के साथ ही तूफानी दौरा शुरू हो गया है। इस बार के चुनाव में निर्दल प्रत्याशियों को ऑटो रिक्शा से लेकर हेलीकॉप्टर तक का प्रतीक आवंटित किया गया है। रुदौली विधानसभा क्षित्र में रिटर्निंग आफिसर्स स्वप्निल कुमार यादव ने भाजपा उम्मीदवार रामचन्द्र यादव को कमल, सपा के आनन्द सेन को साइकिल, बसपा के अब्बास अली जैदी को हाथी, आम आदमी पार्टी के मनोज कुमार को झाड़ू, कांग्रेस के दया नन्द शुक्ला को पंजा, एआईएमआईएम के मो. शेर अफगान को पतंग, सबका दल युनाइटेड पार्टी के राजकरन को बल्ला, पीस पार्टी मो. मुनसफ को कांच का गिलास, राष्ट्रवादी पार्टी आफ इंडिया कुमुद कुमारी को हेलीकाप्टर, निर्दल कुसुम कुमार को आलमारी चुनाव चिन्ह आवंटितर्ि किया गया है। वहीं मिल्कीपुर निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स दिग्विजय प्रताप सिंह ने सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को साइकिल, बसपा की मीरा देवी को हाथी, भाजपा के बाबा गोरखनाथ को कमल, मौलिक अधिकार पार्टी के राधेश्याम को आटो रिक्शा, इंडियन नेशनल कांग्रेस के वृजेश कुमार को पंजा, आम आदमी पार्टी के हषवर्धन को झाड़ू, निर्दल शिव मूर्ति को एयर कंडीशनर चुनाव चिन्ह आवंटित किया है। विधानसभा क्षेत्र बीकापुर के रिटर्निंग आफिसर्स अनुराग प्रसाद की ओर से बसपा प्रत्याशी सुनील को हाथी, राष्ट्रीय भागीदार पार्टी के हजारी लाल को टाईप मशीन, भाजपा के अमित सिंह चौहान को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अखिलेश यादव को पंजा, भाकपा की मधु द्विवेदी को बाल और हँसिया, अपना दल बलिहारी की दिशा पटेल को अंगूठी, आम आदमी पार्टी के सुनील कुमार को झाड़ू, सपा के फिरोज खॉ उर्फ गब्बर को साइकिल, मौलिक अधिकार पार्टी के जंग बहादुर को आटो रिक्शा, निर्दल भूपेन्द्र प्रताप को अलमारी, जन अधिकार पार्टी के राजकुमार को गैस सिलेंडर चुनाव चिन्ह मिले हैं।

अयोध्या विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स राजकुमार शुक्ला द्वारा भाजपा उम्मीदवार वेद प्रकाश गुप्ता को कमल, सपा के तेज नारायण पांडेय को साइकिल, बसपा के रवि प्रकाश को हाथी, इंडियन नेशनल कांग्रेस की रीता को पंजा, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी के बृजेन्द्र दत्त त्रिपाठी को बल्लेबाज, कम्यूनिस्ट पार्टी आफ इंडिया के सूर्यकांत पांडेय को बाल और हँसिया, आम आदमी पार्टी के शुभम श्रीवास्तव को झाड़ू, मौलिक अधिकार पार्टी के संजय कुमार को आटो रिक्शा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के रमेश कुमार चौबे को बांसुरी, जन अधिकार पार्टी के राजेश कुमार को गैस सिलेंडर आवंटित किया गया हैद्ध इसी प्रकार गोसाईगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रिटर्निंग आफिसर्स संदीप कुमार श्रीवास्तव ने भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी को कमल, सपा के अभय सिंह को साइकिल, आम आदमी पार्टी के आलोक द्विवेदी को झाड़ू, बसपा के राम सागर को हाथी, लोक तांत्रिक किसान मोर्चा की सविता पटेल को कांच का गिलास, विकासशील इंसान पार्टी के वेद प्रकाश निषाद को आदमी व पाल युक्त नौका, कांग्रेस की शारदा देवी पंजा, निर्दल सर्वेश कुमार को बल्ला चुनाव चिन्ह आवंटित हुए हैं।

# चुनाव ड्यूटी में तैनात अफसर अपने क्षेत्रों में करते रहें भ्रमणः मंडलायुक्त

अयोध्या। मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने विधानसभा चुनाव–2022 को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अफसरों को अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है। कहा कि चुनाव में किसी भी दबाव बनाने वाले असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही किसी भी सार्वजनिक व सरकारी भवन पर पोस्टर कोडिंग आदि नहीं होनी चाहिए और मतदान कार्मिक निष्पक्ष रहकर निर्वाचन कार्य का ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करें। मंडलायुक्त ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप व्हीलचेयर, प्रत्येक मतदान केंद्रों पर महिला व पुरुष शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। आदर्श आचार संहिता धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के निर्देश मंडल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं।

# जेब्रा की एक जोड़ी कानपुर जू को मिलना तय

कानपुर। जू प्रशासन की साढ़े तीन साल की मेहनत आखिर रंग लाई है। जेब्रा की एक जोड़ी कानपुर जू को मिलना अब तय है। सेंट्रल जू अथॉरिटी ने इजराइल से आए तीन जोड़ी जेब्रा में से एक जोड़ी जू को देने की स्वीकृति दे दी है। जेब्रा के तीनों जोड़ों को कानपुर, लखनऊ और गोरखपुर के जू में भेजा जाना था। आने के दो दिन के अंदर ही इनमें से एक नर जेब्रा की मौत हो गई। आशंका थी कि शायद कानपुर को मिलने वाले जोड़े की जगह अब एक ही जेब्रा मिले, क्योंकि गोरखपुर सीएम का गृहनगर और लखनऊ राजधानी होने से वहां जेब्रा का जोड़ा रखे जाने की ज्यादा संभावना थी। कानपुर जू के निदेशक डॉ.शेष नारायण मिश्रा के मुताबिक, कानपुर को जोड़ी एलॉट हो गई है। जोड़ी की उम्र चार से छह साल के बीच है।

# विधायक प्रत्याशी कोई हाई स्कूल तो कोई इंटर,मतदाता भी कंफ्यूज

राजेश शर्मा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जहां उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजा है वही जनपद सिद्धार्थनगर के विधानसभाओं में लड़ने वाले प्रत्याशियों की योग्यता को लेकर बुद्धिजीवी वर्ग भी हैरान और परेशान है आपको बता दें कि जनपद के प्रत्याशी कोई हाई स्कूल तो कोई इंटर तक है और किसी पर तो मुकदमों की झड़ी लगी हुई है फिर भी विधायक बनकर नेतृत्व करने का ठाना है आपको बता दें कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपना दल (एस) उम्मीदवार के रूप में विनय वर्मा ने नामांकन किया है। गोरखपुर के मलाव गांव निवासी हैं। यह आयकर दाता नहीं हैं, जबकि पत्नी बबिता वर्मा ने दो वर्ष में 5.99 लाख की आय पर इनकमटैक्स दिया है। नोएडा के सेक्टर 20 में दो, सेक्टर 24 व मेरठ के सूरजपुर थाना में एक–एक मुकदमा दर्ज है। लूट का प्रयास, विश्वास का आपराधिक हनन, बिना अनुमति के किसी घर में घुस कर हमला करने, धोखाधड़ी आदि मामलों में आरोपित हैं। मेरठ में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मुकदमा चल रहा है। सभी मामले न्यायालय में विचाराधीन है।







## देवेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू कांग्रेस

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु (सुरक्षित) सीट से कांग्रेस उम्मीदवार देवेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू बैंक ऋण ले रखा है। ने नामांकन किया है। पांच वर्ष में इन्होंने 21.05 तो पेशे से चिकित्सक पत्नी डा. सुनीता सिंह ने 49.03 लाख की आमदनी पर आयकर भरा है। इनके पास 2.50 तो पत्नी के हाथ 3.55 लाख नकदी है। चार बैंक खाता में 14.61 लाख रुपये हैं तो पत्नी ने तीन खाता में 35.12 लाख रुपये रखे हैं। 3.30 लाख की बीमा व बैंक की पालिसी ले रखी है तो पत्नी के नाम 10.62 लाख की योजनाएं संचालित है। पुत्री के नाम पर तीन लाख मूल्य की कन्या समृद्धि योजना ले रखी है। कांग्रेस उम्मीदवार ने नामांकन के दौरान दाखिल हलफनामा में कहा है। कि उन्होंने इंटर की शिक्षा प्राप्त हैं। इनके आय का स्त्रोत दवा की दुकान है तो पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के साथ व्यापार में पेट्रोल पंप की स्वामी भी हैं। श्सदर थाना में दीवार पर बिना अनुमति के पेटिंग कराने के आरोप में मुकदमा चल रहा है। स्कूटी से चलते हैं, वहीं पत्नी के पास 12 लाख की लग्जरी कार है। पति के पा पास 40 हजार तो पत्नी ने 4.50 लाख कीमत का स्वर्ण आभूषण रखा है। पति के पास 21.31 तो पत्नी 64.26 लाख मूल्य के चल संपत्ति की मालिक है। दंपती के पास 2.89 करोड़ मूल्य के गोरखपुर व लखनऊ में आवासीय भूखंड व कृषि भूमि है। पत्नी ने 17.85 लाख का बैंक श्रृण ले रखा है।

## अमर सिंह चौधरी

### पॉच साल मे बना लखनऊ में चार व सिद्धार्थनगर में पांच आवासीय फ्लैट

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से यहां के विधायक अमर सिंह चौधरी ने आजाद समाज पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। विधायक दंपती ने तीन वर्ष से आयकर देना शुरू किया है। अमर सिंह चौधरी ने अपनी आय 49.24 व पत्नी वंदना सिंह ने 17.15 लाख दिखाते हुए आयकर जमा किया है। हाथ में 51 व पत्नी के पास 49 हजार नकदी है। 14.12 लाख व पत्नी के नाम 10.65 लाख रुपये की बीमा पालिसी है। 28.88 लाख कीमत के दो वाहन के स्वामी है। दंपती के पास लगभग ढाई आवासीय भूमि नहीं है। लाख रुपये के स्वर्ण जेवरात है। विधायक के पास 46.08 व पत्नी के नाम 23.12 लाख की चल संपत्ति है। शोहरतगढ़ के विधायक ने नामांकन के दौरान दाखिल हलफनामा में बताया है कि विरासत में मिली तीन एकड़ कृषि भूमि है। पत्नी के नाम पांच लाख कीमत की स्वअर्जित एक एकड़ कृषि भूमि क्रय की है। पत्नी के नाम लखनऊ में चार व सिद्धार्थनगर में पांच आवासीय फ्लैट है, जिसकी अनुमानित कीमत 2.04 करोड़ है। आय का स्त्रोत कृषि व पेंशन है।

## विनय वर्मा अपना दल (एस)

दैनिक बुद्ध का संदेश

अपना दल (एस) के उम्मीदवार ने नामांकन के दौरान दाखिल हलफनामा में बताया कि इंटरमीडिएट तक शिक्षा ग्रहण की है। रिवाल्वरधारी विनय वर्मा के पास 50 तो पत्नी ने 65 हजार नकदी रखा है। बैंक खाता में 47.77 हजार व पत्नी के पास 1128 रुपये हैं। दंपती के पास 12 लाख रुपये का स्वर्ण आभूषण है। पति के पास 5.77 तो पत्नी 8.66 लाख रुपये की चल संपत्ति के स्वामी है। दंपती के आय का स्त्रोत व्यवसाय बताया गया है। किसी प्रकार के कृषि व आवासीय भूखंड का स्वामित्व नहीं घोषित किया गया है। बैंक व किसी अन्य वित्तीय संस्थाओं से किसी प्रकार का ऋण भी नहीं लिया है।

## मोनू दुबे

दैनिक बुद्ध का संदेश

सवा बांसी के उम्मीदवार नवीन उर्फ मोनू दुवै सपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। इनके ऊपर शामली के कांधला, सिद्धार्थनगर व खेसरहा थाना में धोखाधड़ी, धमकी देना व आइटी एक्ट का मुकदमा दर्ज है। हाईस्कूल पास मोनू दुबे व पत्नी अंकिता दुबे आयकर दाता नहीं है। नकदी के रूप में 51 व पत्नी के पास 21 हजार रुपये है। 12.47 लाख के वाहन के स्वामी हैं। पति के पास 40 हजार की सोने की चेन व पत्नी के पास 2.50 लाख के जेवरात है। 13.48 लाख व 2.72 लाख की चल संपत्ति है। मोनू पर 8.49 लाख रुपये का बैंक ऋण है। दंपती के पास किसी भी प्रकार की कृषि व श्रृण नही है।

# भाजपा अपनादल गठबंधन प्रत्याशी विनय वर्मा का किया गया तुलसियापुर चौराहा पर भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। जनपद सिद्धार्थनगर में पांचो विधानसभा प्रत्याशी



लगभग सभी ने नामांकन दाखिल कर लिया है। विधानसभा चुनाव तीन मार्च को होगा। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा अपनादल गठबंधन प्रत्याशी विनय वर्मा ने नामांकन दाखिल कर लिया है। भाजपा अपनादल जिला अध्यक्ष आत्माराम पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों से वार्ता करके विधानसभा क्षेत्र भ्रमण का प्लान बनाया गया जिसके क्रम में विधायक प्रत्याशी ने विनय वर्मा चिल्हिया, गौहनिया, शोहरतगढ़, गनेशपुर, सिसवा, तुलसियापुर चौराहा, ढेबरुआ, बढ़नी, रामनगर, झकह्यिा, कठेला में आशीर्वाद लिया। तुलसियापुर चौराहा पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजीव मौर्या व संयोजक पिंटू मौर्या के नेतृत्व में स्वागत किया गया। विधायक प्रत्याशी विनय वर्मा ने तुलसियापुर चौराहा पर दुकान–दुकान पर चलके लोगों का आशीर्वाद लिया और वोट देने का अपील किया। इस दौरान रामदास मौर्या, हरिनरायन यादव, शोभनाथ मौर्या, संजय शर्मा, संजय पांडेय, सचिन गुप्ता, अमित मौर्या, पिंटू प्रजापति, तुलसीराम, ज्वाला चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी के ऊपर लगाया पोषाहार न देने का आरोप

### पोषाहार देने के बजाय आंगनबाड़ी कुसुम विश्वकर्मा देती है धमकी

अनंत मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड उसका बाजार के ग्राम पंचायत बरदहा में आंगनबाड़ी के ऊपर पोषाहार न देने का आरोप लगा है जहा पोषण बच्चो को देने के लिए आता है वही आंगनबाड़ी बच्चो को नहीं देती है ग्राम पंचायत बरदहा की की आंगनबाड़ी हज कुसुम विश्वकर्मा सरकारी पोषाहार को भ्रष्टाचार में तबदील कर रही है जिम्मेदाराना की मिली भगत से पोषाहार बच्चो को नहीं दिया जाता है ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहे कि कई बार शिकायत किया गया लेकिन अधिकारी आते भी है तो कोई कार्यवाही नहीं की जाती और न ही पोषाहार दिया जाता है जब ग्रामीण आंगनबाड़ी से पूछते है तो ऊपर से पोषाहार नही देती है ऊपर से रौब दिखाती है ग्रामीण से न देने की धमकी का भी आरोप लगा है पोषाहार आता भी तो है लेकिन आंगनबाड़ी कहा ले जाती है पोषाहार जांच का विषय बना हुआ है वही सीडीपीओ ने बताए कि आंगनबाड़ी केंद्र 1 साल से नही खुला हुआ है लेकिन पोषाहार का मामला सामने आया है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।



# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी केशभान राय की मनायी गयी 31वीं पुष्यतिथी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। पूर्वांचल में समाजवादी चिंतक के रूप में प्रसिद्ध, जय प्रकाश नरायण, डा लोहिया व नरेन्द्र देव की विचारधारा के पक्ष धर तथा उनके अनुप्राणित गोला ब्लाक के गोपलापुर गांव में जन्मे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी केशभान राय समाजवाद के सजग प्रहरी थे। उक्त बातें एक सादे समारोह में प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने गोला क्षेत्र के पड़ौली स्थित आनंद विद्या पीठ इन्टर कालेज के प्रांगण में महान स्वत्रता संग्राम सेनानी केशभान राय की31 वीं पुष्यतिथी पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के उपरान्त वहां उपस्थित शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कही। सिंह ने आगे कहा कि इस विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षको का परम सौभाग्य है कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वारा स्थापित विद्यालय में हम शिक्षक हैं जहां स्व केशभान राय जैसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वयं अध्यापन किया है। संचालन करते हुए एनसीसी अधिकारी अजय कुमार शुक्ल ने कहा कि स्मृतियां भी परोक्ष साक्षात्कार होती हैं जो स्व केशभान राय के संस्मरण से हृदय में ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक रवि प्रताप राय, प्रबंधक शिवप्रताप राय, विनोद तिवारी, प्रा शिक्षक सुरेन्द्र चन्द कौशिक ,अनिल राय, समीर राय, रजनीश नारायण सिंह ,दीपक सिंह, अवधेश मिश्रा, विरेन्द्र, अशोक शर्मा, हिरावन यादव, कमलेश पटेल,सम्पूर्णानंद पाण्डेय, अमरेश शुक्ल सहित समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।



# तुलसियापुर चौराहा पर बसपा प्रत्याशी राधारमण त्रिपाठी ने किया जनसंपर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। में पांचो विधानसभा प्रत्याशी लगभग सभी ने नामांकन दाखिल कर लिया है। विधानसभा चुनाव तीन मार्च को होगा।शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी राधारमण त्रिपाठी ने नामांकन दाखिल कर लिया है। बसपा पदाधिकारियों से वार्ता करके विधानसभा क्षेत्र भ्रमण का प्लान बनाया गया जिसके क्रम में विधायक प्रत्याशी राधा रमण त्रिपाठी ने गनेशपुर, सिसवा, तुलसियापुर चौराहा पर जन संर्पक किया। तुलसियापुर चौराहा पर दुकान–दुकान पर चलके लोगों का आशीर्वाद लिया और वोट देने का अपील किया।विधायक प्रत्याशी राधा रमण त्रिपाठी ने कहा शोहरतगढ़ में पिछले विधायक ने जनता हित के लिए कोई भी कार्य नहीं किया है। यदि जनता मुझे विधायक चुनती है तो क्षेत्र की बेरोजगारी,किसानों की समस्या, धार्मिक स्थल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि विकास कार्य करूँगा। इस दौरान कार्यकर्ता और समर्थक लोग मौजूद रहे।



# विधाालय में लगा सोलर पैनल चोरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। छावनी थाना क्षेत्र के संविलियन विद्यालय कुआगांव में बीती रात शुक्रवार को अज्ञात चोरो द्घारा विद्यालय के छ्त पर लगा सोलर पैनल चोरी की घटना को चोरो ने अंजाम दिया विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने शनिवार की सुबह जब विद्यालय पहुचे तो देखा दो सोलर पैनल विद्यालय में रखे है जिस पर शिक्षक ने अपने विघालय के छ्त पर लगे चारो सोलर सेट को फौरन देखा तो तीन पैनल खोले गये थे तथा एक पैनल चोर नही खोल पाये तथा केवल एक ही पैनल चोर ले जा सके करीब 1500 वाट क्षमता का सोलर पैनल सेट दो साल पहले लगा था जिससे बिजली के सारे उपकरण समरसेबुल, त्व् आदि चलते थे विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने छावनी थानाध्यक्ष को सूचना दिया तो मौके पर पहुचे पुलिस कमियो ने विघालय पर चोरी की घटना की जानकारी लिया तथा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने विद्यालय पर पहुचे पुलिस कमियो को चोरी की घटना की एक तहरीर दिया इस सम्बंध में छावनी धानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय से दूरभाष से जानकारी लेने का प्रयास किया गया लेकिन बात नही हो सका।

# पुलिस ने ओएलएक्स के माध्यम से गाड़ी खरीदने वाले एक चोर को किया गिरफ्तार

गोरखपुर। ओएलएक्स के माध्यम से गाड़ी देखकर खरीदने के बहाने चोरी करने वाले एक अभियुक्त बबलू कुमार सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम छोटा कल्याणपुर माधवपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार को एक अदद पल्सर के साथ कैंट थाना क्षेत्र के रानीडीह से कैंट पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार ने पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि इनामुल्लाह पुत्र जहूरुल्लाह निवासी चिलमापुर मकान नंबर 70 थाना रामगढ़ताल गोरखपुर द्वारा अपनी बजाज पल्सर आरएस 200 यूपी 53 बीडब्ल्यू 3425 पीले रंग को बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाला था अभियुक्त बबलू कुमार सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी ग्राम छोटा कल्याणपुर माधोपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर इनामुल्लाह उपरोक्त से उनकी गाड़ी खरीदने के लिए मोबाइल से संपर्क किया गाड़ी देखने चलाने की बात की गई 2 फरवरी को बबलू कुमार सिंह अपने साथियों के साथ एयरपोर्ट गोरखपुर पर चार पहिया वाहन से आया और वहां पर एक चार पहिया वाहन बुक किया तथा उस चार पहिया वाहन के ड्राइवर से मुकदमा वादी इनामुल्लाह से वार्ता कराया और झारखंडी महादेव गेट पर बुलाया तथा चार पहिया वाहन के ड्राइवर से वहां से लौटने पर पैसा देने की बात कही तथा चार पहिया वाहन से झारखंडी महादेव पर पहुंचकर वादी मुकदमा इनामुल्लाह को अपनी गाड़ी बजाज पल्सर आरएस यूपी बीडब्ल्यू 3425 को लेकर आया हुआ चार पहिया से उतर कर कर बताया कि जो चार पहिया वाहन चला है मेरे बड़े भाई हैं उनसे अपनी गाड़ी की प्रशंसा कर दीजिए मैं गाड़ी चेक करके लेकर जाऊंगा फिर अभियुक्त बब्लू कुमार सिंह गाड़ी चलाने और चेक करने के बहाने से वहां से गाड़ी लेकर भाग गया उक्त के संबंध में थाना स्थानीय पर 9 फरवरी 2022 को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया तथा उसके चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद करते हुए बबलू कुमार सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के दौरान दो अन्य अभियुक्त गण मोहम्मद शरेयार पुत्र मंजर हुसैन निवासी विशेश्वरपुर थाना बरौली जिला गोपालगंज बिहार तथा कैश आजम पुत्र अब्दुल कलाम निवासी ग्राम भगवतीपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार की गिरफ्तारी हेतु गोरखपुर की पुलिस दबिश दे रही है उन्हें भी बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा गिरफ्तार करने वालो में प्रमुख रूप से प्रभारी निरीक्षक कैन्ट शशि भूषण राय उपनिरीक्षक अमित चौधरी चौकी प्रभारी इंजरिंग कॉलेज कांस्टेबल नितेश यादव थाना कैंट कांस्टेबल कविंदर थाना कैंट गोरखपुर मौजूद रहे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं बिहार के सारण जिले से सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शनिवार को चुनाव कार्यालय नथलमपुर में अपने सम्बोधन से भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठककर चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जानकारी ली। भाजपा नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता के द्वारा राजीव



प्रताप रूडी का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में रूडी ने बताया कि छात्र जीवन से ही वह भाजपा की नीतियों से बहुत प्रभावित थे, और छात्र जीवन मे ही वह कार्यकर्ता के रूप में भाजपा से जुड़े, धीरे–धीरे संगठन ने उन्हें कई जिम्मेदारियां दी, जिसे उन्होने पूरी ईमानदारी के साथ उसे पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने आगे कहा कि पूरा प्रदेश चाहता था कि योगी आदित्यनाथ उनके विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े लेकिन यह गोरखपुर का सौभाग्य है कि केन्द्रीय नेतृत्व ने उन्हें गोरखपुर शहर विधानसभा से प्रत्याशी बनाया है। योगी आदित्यनाथ के नामांकन के समय ही यह स्पष्ट हो गया था कि पूरा शहर उन्हें रिकार्ड मतो से विजयी बनाने के लिये कमर कस चुका है। भाजपा के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि क्षेत्र में योगी आदित्यनाथ सरकार की योजनाओं की जानकारी को जन–जन तक पहुचायें और मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को मतदान केन्द्र पर पहुंचने और भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष दयानंद, शशिकान्त, विरेन्द्र पाण्डेय, रामकरन निषाद, रमेश प्रताप गुप्ता, जितेन्द्र चौधरी, बृजेश मणि, पदमा गुप्ता, अनुपमा पाण्डेय, इन्द्रमणि, रन्जुला रावत सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संजय गुप्ता ने की हाथी की सवारी तमकुही विधानसभा के राजनीति में होगी बदलाव

## बहुजन समाज पार्टी ने बनाया उम्मीदवार अब बदलेगी क्षेत्र की तस्वीरः गुप्ता

कुशीनगर। तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में एक संघर्षशील युवा नेता के चुनाव मैदान में आने से बहुजन समाज पार्टी की चुनावी ध्रुवीकरण बदल गया है साथ ही क्षेत्र के विकास का आस भी आम जनमानस में जगने लगीं है। उत्तर प्रदेश व बिहार प्रांत के दोबाओं में स्थित तमकुही राज विधान सभा क्षेत्र कुशीनगर का अन्तिम विधान सभा क्षेत्र है । इसी क्षेत्र के मठियाश्रीराम गाँव के टोला रामपुर बंगरा में जन्मे एक संघर्षशील, कर्मठ, समाजसेवी संजय गुप्ता के बहुजन समाज पार्टी ने इनपर विश्वास जताया है। संजय गुप्ता ने बहुजन समाज पार्टी से पर्चा दाखिल करने के बाद अपने आवास पर मीडिया टीम से वार्ता के क्रम में बताया कि बहुजन समाज पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति धर्म समाज के लोगों को एक साथ लेकर चलने की काम करती हैं। इनके नीतियाँ सर्वजन हिताय है। आगे उन्होंने ने कहा कि तमकुही राज विधानसभा क्षेत्र पूर्वांचल का सबसे पिछ्डा क्षेत्र है जहां के लोग सड़क,गन्ना,गरीबी, गण्डक के विभीषिका से आये दिन परेशान रहते हैं इस अहम मुद्दों पर यहाँ के पुर्वर्ती के सरकारो के जनप्रतिनिधियों, वर्तमान क्षेत्रीय विधायक द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण आज विकास की घोड़े दौड़ नहीं पाये है। आगे उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र की पीडा व दर्द को देखते ही मुझे राजनीति में आना पडा अगर मौका मिला तो तमकुही राज क्षेत्र के सभी समस्याओं को समाधान का यथासंभव प्रयास करूंगा,आगे उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण करते समय हमको अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है हम कार्यकताओं के दमपर हाथी का परचम प्रदेश लहराऐगे, इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अमरजीत प्रसाद, वरिष्ठ बसपा नेता विश्वनाथ प्रसाद मंत्री, सुधीर त्यागी, अमरजीत, भागवत प्रसाद, मैनेजर भारती दलन प्रसाद भारती, सुगंध भारती सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# सम्पादकीय

**गत वर्ष मई में जब गेहूं की खरीद एक सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी तो केंद्र सरकार ने जुलाई के अंत तक दो प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक राज्यों पंजाब व हरियाणा में सौ फीसदी वैज्ञानिक भंडारण का आश्वासन दिया था, लेकिन करनाल का मामला बताता है कि दावे हकीकत नहीं बने हैं। इस मामले में उच्चतम ...**

## अन्न की बर्बादी

किसानों के खून–पसीने से उगाये और करदाताओं की मेहनत की कमाई से खरीदे गए अनाज के बड़ी मात्रा में उचित भंडारण के अभाव में बर्बाद होने की खबरें हर साल आती हैं। इसके बावजूद बारिश में भीगने तथा पक्षियों व अन्य जीवों द्वारा अनाज के ढेरों की बर्बादी की खबरें हर साल अखबारों की सुर्खियां बनती रहती हैं। लेकिन प्रबंधन से जुड़ा तंत्र व निगरानी करने वाला प्रशासन इस मुद्दे पर संवेदनहीन बना रहता है। इसी तरह की आपराधिक लापरवाही की नवीनतम घटना करनाल में नजर आई जहां खुले में पड़े अनाज से भरी बोरियों के ढेर बारिश में खराब होते देखे गये। जाहिर है यह अनाज सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होना होगा। बहुत संभव है कि अनाज की बर्बादी की जवाबदेही से बचने के लिये खराब अनाज भी गुपचुप तरीके से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिये भेजी जाने वाली अनाज की खेप में खपा दिया जाये। यह विडंबना ही है कि गुणवत्ता से भरपूर अनाज उत्पादन के लिये अग्रणी पंजाब और हरियाणा में ऐसे तमाम मामले प्रकाश में आ रहे हैं। जबकि जवाबदेही तय करके और रखरखाव की उचित व्यवस्था करके इस मौसमी परिवर्तन से होने वाले नुकसान को टाला भी जा सकता है। यह विडंबना ही है कि कई राज्य खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं और वहीं दूसरी ओर हजारों टन अनाज बारिश व धूप में पड़ा हुआ सड़ता रहता है। इन राज्यों में गुणवत्ता निरीक्षण के दौरान कई ऐसे मामले प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह आपराधिक लापरवाही से होने वाली राष्ट्रीय क्षति भी है। इस अनाज को उगाने में कृषक के श्रम के अलावा बिजली–पानी व भूमि की उर्वरता की लागत भी शामिल होती है। अनाज के बर्बाद होने ये घटक भी व्यर्थ चले जाते हैं जो सही मायनों में राष्ट्रीय संसाधनों की क्षति ही है, जिसे भंडारण की क्षमता के विस्तार और जवाबदेही तय करके टाला भी जा सकता है। यह विडंबना ही है कि आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा देश अब तक अपने नागरिकों के खाद्यान्न का उचित भंडारण नहीं कर पाया है। दशकों से मंत्री व अधिकारी लंबे–चौड़े दावे करते आये हैं कि अनाज भंडारण की फुलप्रूफ व्यवस्था की जायेगी। देश में पर्याप्त गोदामों के अभाव में बेशकीमती अन्न की यूं ही बर्बादी होती रहे, यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है। इस बाबत देश की शीर्ष अदालत भी कई बार सख्त टिप्पणी कर चुकी है। प्रबंधन से जुड़ी नियामक संस्थाओं को फटकार लगा चुकी है कि यदि गोदामों में जगह नहीं है और कीमती अनाज को सडने व बर्बाद होने से नहीं बचाया जा सकता तो इस अनाज को गरीबों में बांट दीजिए। लेकिन अधिकारी हैं कि फटकार सुनकर भी चिकने घड़े बने हुए हैं। जिस देश में कुपोषण व भुखमरी के आंकड़े पड़ोस के गरीब मुल्कों से अधिक हों, वहां लाखों टन अनाज यूं ही जाया चला जाये, इससे ज्यादा दुखद स्थिति कुछ और नहीं हो सकती। जटिल परिस्थितियों के बीच लाखों बोरी अनाज को बारिश में भीगने देना, चूहों, पक्षियों तथा कीड़ों द्वारा अखाद्य बनाना देश के नीति–नियंताओं पर सवालिया निशान लगाता है। यह विडंबना ही है कि जो देश आजादी से पहले सदियों तक अकाल व सूखे की वजह से खाद्यान्न संकट से जूझता रहा हो, वहां अन्न की शर्मनाक तरीके से बर्बादी जारी है। आजादी के बाद भी ऐसे संकट आये कि हमें आयातित गेहूं के लिये अमेरिका का मुंह ताकना पड़ा था। हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता प्रदान की। लेकिन हमें इस उपलब्धि को यूं ही नहीं गंवाना चाहिए। हमें इस अनाज को भुखमरी व कुपोषण के खिलाफ सशक्त हथियार बनाना चाहिए।

## योजना का नाम बदलने से बनेगी बात

आलोक पुराणिक

हाल में आये बजट पर असली एंकर चौनल में डिबेट मची, कुछ अंश इस प्रकार हैं – एंकरकृ बजट में मनरेगा का बजट कम कर दिया गया है। वैसे भ्रष्टाचार की खबरें भी आ रही थीं। महात्मा गांधी के नाम वाली स्कीम मनरेगा में भ्रष्टाचार वाली बात से महात्माजी की आत्मा को कष्ट पहुंचता होगा। इस बजट में भी कई स्कीमों की घोषणा हुई है। बात करेंगे–एक्सपर्ट से।

एक्सपर्टकृ पुराने महापुरुष बहुत शर्मसार और फेमस हो लिये, अब नये लोगों को मौका दिये जाने का वक्त है। हिंदी फिल्मों के पुराने खलनायक शक्ति कपूर के नाम पर रोजगार योजना रख दी जाये। दूसरा संदेश यह है कि अगर योजना में भ्रष्टाचार है, तो बुरा नहीं मानने का, योजना ही ऐसे आदमी के नाम पर है, जिसके कुछ भी सही किया ही नहीं। इस रकम को पूरा खा जायें अफसर, कुछ भी न दें किसी को, बस यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि शक्ति कपूर के फिल्मी कृतित्व को फॉलो करते हुए मनरेगा के जिम्मेदार अफसर कहीं छेडखानी आदि पर न उतर आयें। हमारे मुल्क में पैसा खाना नार्मल माना जाता है, पर समाज की नैतिकता का स्तर अब भी इतना ऊंचा है कि समाज अभी पूरे तौर पर शक्ति कपूर न बना है। एंकरकृ एक स्कीम गति शक्ति की चर्चा बजट में हुई।

एक्सपर्टकृ गति शक्ति योजना के लिए अमिताभ बच्चन से बेहतर नाम कोई न हो सकता। कितनी शक्ति और कितनी गति के साथ सुबह से रात तक ब्यूटी क्रीम से लेकर भुजिया नमकीन बेचते हैं। अमिताभ बच्चन का नाम गति शक्ति योजना से जुड़ जाये, तो एक झटके में सबकी समझ में आ जायेगा कि गति शक्ति का मतलब क्या होता है।

एंकरकृजी एक है मुद्रा कर्ज योजना।

एक्सपर्टकृ मुद्रा कर्ज योजना के इश्तिहार में अभिषेक बच्चन को जोडना चाहिए। अभिषेक बच्चन मुद्रा कर्ज योजना नाम से ही साफ हो जायेगा कि अपना काम शुरू करने के लिए, अच्छी तरह सेटल होने के लिए इस कर्ज को लिया जाये। अभिषेक बच्चन का चेहरा कइयों को प्रेरित करेगा कि सिर्फ पिता के सहारे नहीं बैठना चाहिए, बल्कि अपने दम पर कुछ करना चाहिए।

एंकरकृजी बजट में अटल पेंशन योजना का भी जिक्र रहा। एक्सपर्टकृजी मेरी राय में अब वक्त बदल रहा है। पहले आदमी बुढ़ापे में ही पेंशन की चिंता करता था। पर अब तो नौजवानी में ही पेंशन की चिंता करनी चाहिए। देखिये, कुछ समय पहले विराट कोहली वन डे, टेस्ट टीम और ट्वेंटी–ट्वेंटी सारी टीमों के कप्तान थे, अब वह किसी भी टीम के कप्तान नहीं हैं। विराट कोहली पेंशन योजना के नाम से एक पेंशन योजना शुरू की जानी चाहिए।

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जागरूकता जरूरी

**जनता को चाहिए कि कुर्सी के लिए, पार्टी की टिकट के लिए दल बदलने वालों को वोट मत दें। वहीं किसी वस्तु या सुविधा के लालच में वोट देना भी अपने देश, राज्य और लोकतंत्र के साथ धोखा है। अगर वही लोग जीत गए जो धनबल या डंडे के बल से वोट खरीद लेते हैं तो फिर देश में लोकतंत्र नहीं, डंडा तंत्र होगा, भ्रष्टाचार तंत्र होगा तथा भूख–बेकारी और नशों का राज्य होगा...**

लक्ष्मीकांता चावला

भारत के चुनाव आयोग ने यह आवश्यक कर दिया है कि चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। साथ ही शीघ्र से शीघ्र प्रत्याशियों के आपराधिक विवरण की जानकारी समाचारपत्रों में प्रकाशित करवाएं। जरूरी है कि आयोग द्वारा निर्धारित समाचारपत्रों तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में समय से पहले हर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी की सारी जानकारी जनता को दी जाए। आठ फरवरी से पहले इस संबंध में पहला इश्तिहार प्रकाशित हो जाना चाहिए था, जो अधिकतर उम्मीदवारों ने नहीं किया।

दरअसल, चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव लडने वाले हर उम्मीदवार और उसकी पार्टी को तीन बार समाचारपत्रों और टेलीविजन में उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि, कितने केस बने हैं और दंड संहिता की किस–किस धारा में ये केस दर्ज हैं, उसका प्रकाशित होना बहुत जरूरी है।

दूसरा, इश्तिहार नामांकन वापस लेने की तिथि के पांचवें दिन और तीसरा इश्तिहार नौवें दिन से लेकर प्रचार के आखिरी दिन अर्थात् चुनाव से एक दिन पहले अवश्य ही अखबारों में छपना चाहिए। अखबार भी वह होने चाहिए, जिनका नाम राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव आयोग ने तय किया है।

चुनाव आयोग इस बात से चिंतित दिखाई दे रहा है कि देश में लगभग सभी राजनीतिक दल आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों को चुनावी रण में उतार रहे हैं और उनमें से बहुत से जीत भी जाते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में आपराधिक छवि के लोगों को टिकट देने की होड़ लगी है। दूसरी ओर, आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि देशभर में वर्तमान और पूर्व सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

न्यायमित्र एवं वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया और वकील स्नेहा कलिता ने कहा है कि दिसंबर, 2018 में वर्तमान और पूर्व सांसदों, विधायकों के खिलाफ 4,122 मुकदमे लंबित थे, जो 1 दिसंबर, 2021 को बढ़कर 4,984 हो गए। कौन नहीं जानता कि तथाकथित वीआईपी व्यक्तियों और माननीयों के विरुद्ध चल रहे केस जल्दी निर्णय की स्थिति में नहीं पहुंचते। उनके पास बाहुबल तो है ही, धन बल के साथ ही वे मामले सर्वोच्च अदालत में पहुंचने में अनेक वर्ष लग जाते हैं।

अब प्रश्न यह है कि मतदाता क्या करे? सभी नागरिक किसी न किसी राजनेता या राजनीतिक दल के प्रभाव में होते ही हैं और उसी अनुसार मतदान करते हैं। यद्यपि चुनाव आयोग ने नोटा का एक बटन तो बना दिया अर्थात् जिसे कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी पसंद नहीं वह नोटा का बटन दबा दे, पर नोटा की किस्मत क्या होगी, बटन दबाने वाला भी नहीं जानता। पिछली बार पंजाब में ही हजारों लोगों ने नोटा का उपयोग किया, पर परिणाम तो शून्य था।

सच्चाई यह है कि अगर जीतने वाले प्रत्याशी से भी अधिक नोटा के पक्ष में बटन दबा दिए जाएं तो भी वही जीतेगा, जिसके पक्ष में मतदान ज्यादा हुआ है। देश को, संसद को, चुनाव आयोग और बुद्धिजीवियों को इस पर मंथन कर कोई निर्णय लेना होगा कि जिन मतदाताओं को किसी भी कारण प्रत्याशी स्वीकार नहीं, वे क्या करें। नोटा का कोई न कोई तो उपयोग तय करना ही होगा।

अब प्रश्न मतदाताओं का है। सभी राजनीतिक दलों के लोग चुनावी घोषणाओं के साथ बड़े–बड़े उपहार और मुफ्तखोरी की घोषणा करते हैं। जो अति वंचित लोग हैं वे तो नौ नकद न तेरह उधार की नीति पर चलते हुए चार दिन दिवाली मना लेते हैं, पर राज्य का, देश का क्या बनेगा। अब भी पंजाब सहित जिन पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, कहीं से यह आवाज नहीं आई कि पीने का शुद्ध पानी मिलेगा। मोटी कीमत खर्च कर बोतलबंद पानी नहीं लेना पड़ेगा। हवा शुद्ध हो जाएगी, प्रदूषण से रोगी नहीं होना पड़ेगा। रोटी सस्ती मिलेगी और रोजगार में हर हाथ को काम व काम के पूरे दाम की नीति अपनाई जाएगी। ठेके की नौकरी पर, आउटसोर्सिंग की चक्की में जवानी को नहीं पिसना पड़ेगा और निराश–हताश देश की जवानी विदेशों में रोटी–रोजी की तलाश में नहीं जाएगी, ऐसी सरकारें पंजाब में या देश में ये राजनेता बनाएंगे। यह तो वे घोषणाएं हैं जो सरेआम हो रही हैं। स्कूटरी की, महिलाओं को एक हजार से पांच हजार रुपये मासिक देने की, बिजली मुफ्त की, किसानों के खजाने में रुपये भेजने की, न जाने कितनी घोषणाएं हैं पर यह तो जनता को सोचना है कि हमने मतदान करना है या मुफ्तखोरी के लालच में अथवा रात के अंधेरों में बंटने वाले हलवे के आधार पर वोट देना है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में यही रास्ता बताया है कि दान देने से पहले दान पात्र की योग्यता भी देखनी चाहिए।

जनता को चाहिए कि कुर्सी के लिए, पार्टी की टिकट के लिए दल बदलने वालों को वोट मत दें। वहीं किसी वस्तु या सुविधा के लालच में वोट देना भी अपने देश, राज्य और लोकतंत्र के साथ धोखा है। अगर वही लोग जीत गए जो धनबल या डंडे के बल से वोट खरीद लेते हैं तो फिर देश में लोकतंत्र नहीं, डंडा तंत्र होगा, भ्रष्टाचार तंत्र होगा तथा भूख–बेकारी और नशों का राज्य होगा।

## न्याय की कसौटी पर खरा भी उतरे कानून

**यदि हम स्त्री के मानव अधिकार और कानूनी अधिकारों की बातें करते हैं, तो पुरुषों के मानव अधिकार और कानूनी अधिकारों को क्यों भूल जाते हैं। क्या पुरुष पैदाइशी खलनायक होते हैं। क्या उन्हें पैदा ही नहीं होना चाहिए। क्या उनका जीवन फूलों से भरा है, वहां कोई कष्ट नहीं। एनसीआरबी के आंकड़ों को देखें, तो हर साल छियानवे हजार पुरुष आत्महत्या करते हैं। इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद ...**

क्षमा शर्मा

मैरिटल रेप या वैवाहिक दुष्कर्म के सवाल पर इन दिनों अदालत में बहस चल रही है। बताया जा रहा है कि महिलाएं घर में शारीरिक संबंधों के नाम पर हिंसा झेलने को मजबूर हैं। इसलिए मैरिटल रेप के खिलाफ कानून बनना चाहिए। पत्नी अगर सहमत न हो तो पति को संसर्ग नहीं करना चाहिए। बहस के दौरान माननीय न्यायाधीश ने कहा भी कि पत्नी की कंसेंट या सहमति पर जरूरत से ज्यादा जोर दिया जा रहा है। अफसोस कि पति–पत्नी के जिन संबंधों को बिल्कुल निजी माना जाता है, वहां कानून, वकील, सरकार और स्वयंसेवी समूह घुसे चले आ रहे हैं। विवाह यदि दो लोगों के बीच हुआ है, तो तीसरी पार्टी आखिर उनके बीच क्यों घुसना चाहती है। वैसे भी यह कैसे पता चलेगा कि पति ने पत्नी के साथ जबर्दस्ती की। मैरिटल रेप के पक्ष में कानून बनाने वाले कहेंगे कि इसे पत्नी के कहे से माना जाएगा। यानी कि पत्नी ही पहली और आखिरी गवाह और प्रमाण होगी। पति के कहे या न कहे के कोई मायने नहीं होंगे। पत्नी के कहते ही पति को अपराधी मान लिया जाएगा। कुछ लोग पत्नी को अनपेड सेक्स वर्कर कह रहे हैं। एक शादी और इतनी तरह की मुसीबतें तो क्या ऐसा दिन दूर नहीं, जब लड़के शादी ही नहीं करेंगे। मेरे एक परिजन बहुत पहले इंग्लैंड में थे। उन्होंने बताया था कि वहां बड़ी संख्या में लोग शादी ही नहीं करते हैं। हम परिवार नाम की संस्था को शायद सिरे से खत्म करना चाहते हैं। इसके बरक्स यह देखना दिलचस्प है कि एक ओर यूरोप और अमेरिका में बड़ी संख्या में लोग परिवार की वापसी के बारे में बातें कर रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद यहां के लोग मनुष्य या ह्यूमन रिसोर्स की जरूरत और महत्व को अधिक महसूस कर रहे हैं। यह ह्यूमन रिसोर्स परिवार के सदस्यों के रूप में ही अधिक से अधिक मिल सकता है। और एक हम हैं कि परिवार किस तरह टूटे, किस तरह उसे एक यूनिट के रूप में रहने ही नहीं दिया जाए, इसकी जुगत भिड़ा रहे हैं। पश्चिमी विचार जिन अतियों से कराह रहा है, हम उनकी तरफ सिर के बल दौड़ रहे हैं। कानून की आड़ लेकर असली निशाना परिवार ही है। परिवार अगर हो तो किसी तीसरे को घर में घुसने में दिक्कत होती है। तीसरी पार्टी अक्सर आपके घर में जब घुसती है तब किसी अच्छे विचार या शुभकामनाओं के साथ नहीं, बल्कि तोड़–फोड़ के लिए ही। दो बिल्लियों की लड़ाई में तीसरी पार्टी बंदर की क्या भूमिका होती है, वह कहानी तो आपने सुनी ही होगी। परिवार में पत्नी को देवी और पति को राक्षस मानने की सोच अगर है, तो परिवार बसाने की क्या जरूरत। परिवार एक–दूसरे की सहायता और बढ़ोतरी के लिए होने चाहिए, न कि सतत् युद्ध में रहने के लिए। स्त्रीवादी सोच के तहत महिलाओं को अधिकार मिलें, उनकी प्रगति हो, यह तो अच्छी बात है, लेकिन इसी सोच के तहत परिवार में लगातार युद्ध की स्थिति हो, तो यह ठीक नहीं है। तब उस स्थिति को चुनना ही क्यों चाहिए। वह विचार सीधे हमारे बेडरूम में घुसा चला आ रहा है, जिसकी जड़ें कहीं और हैं।

पति को देवता मानना या खलनायक मानना दोनों ही तरह की सोच अतिवादी सोच है। इन दिनों आपने देखा होगा कि पत्नी की मत्यु चाहे जिस कारण से हुई हो, पुलिस और पत्नी के घर वाले सबसे पहला शक पति और उसके घर वालों पर करते हैं। उन्हें ही पकड़ा जाता है। स्त्रीवादी विमर्शों ने कुछ ऐसा रूप धरा है कि जिस घर में स्त्री रहती है, वहीं उसके सबसे अधिक दुश्मन बताए जाते हैं। इसीलिए सबसे पहले उन्हीं पर शक किया जाता है, उन्हें ही पकड़ा जाता है। महिला ने अगर आत्महत्या की हो, तो सौ में से सौ बार उसे दहेज हत्या कह दिया जाता है। अदालतें कह भी चुकी हैं कि हर आत्महत्या दहेज हत्या नहीं होती है। मगर कौन सुनता है।

यदि हम स्त्री के मानव अधिकार और कानूनी अधिकारों की बातें करते हैं, तो पुरुषों के मानव अधिकार और कानूनी अधिकारों को क्यों भूल जाते हैं। क्या पुरुष पैदाइशी खलनायक होते हैं। क्या उन्हें पैदा ही नहीं होना चाहिए। क्या उनका जीवन फूलों से भरा है, वहां कोई कष्ट नहीं। एनसीआरबी के आंकड़ों को देखें, तो हर साल छियानवे हजार पुरुष आत्महत्या करते हैं। इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद इस बारे में कोई चर्चा तक नहीं होती। इन आत्महत्याओं का कारण पारिवारिक दबाव, कलह बताया जाता है। अपने देश में स्त्री कानून बेहद एकपक्षीय हैं। वे स्त्री के अधिकारों की बातें करते हैं और अपनी मूल प्रवृत्ति में तानाशाहीपूर्ण हैं। वे दूसरे पक्ष को अपनी बात कहने तक की आजादी नहीं देते। ऐसे जेंडर बायस कानून क्यों होने चाहिए। अदालतें अपने न्याय में स्त्री और पुरुष का भेद क्यों करें। वे सभी को न्याय देने के लिए होती हैं। इसलिए कानूनों को जेंडर न्यूट्रल होना चाहिए। जांच एजेंसियों की मानें तो दहेज प्रताडना संबंधी कानून, यौन प्रताडना और दुष्कर्म इनका बहुत दुरुपयोग भी हो रहा है। बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें झूठी भी पाई जाती हैं। लेकिन चर्चा अक्सर उस समय होती है, जब किसी अपराध और अपराधी का जिक्र होता है। कितने लोग अपराधी थे ही नहीं, उन्हें झूठा फंसाने की कोशिश की गई– इस पर चर्चा नहीं होती। यदि मैरिटल रेप या वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में लाया जाएगा तो इसके खतरे भी यही हैं कि इसे साबित कैसे किया जाएगा। क्या पत्नी की गवाही और उसे सत्यवादी हरिश्चंद्र मान लेना, उसी के आधार पर पति को सजा देना मानवीयता और मानवीय अधिकारों के खिलाफ नहीं होगा। सिर्फ स्त्रीवादी संगठनों की ही नहीं, इस मसले पर पुरुषों के लिए जो संगठन काम करते हैं, उनकी भी सुनी जानी चाहिए।

न्याय का तकाजा है कि कानून किसी के भी प्रति अन्याय न करे। वह सताई गई स्त्री और सताए गए पुरुष दोनों को न्याय दे। इस घिसे–पिटे विचार के दिन लद गए हैं कि पुरुषों के साथ भला कौन अन्याय करता है। कानून का आतंक किसी भी समस्या को हल नहीं करता।

लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं।



## कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ नामांकन

महराजगंज। विधानसभा चुनाव के लिए पांचों विधानसभा के प्रत्याशियों का नामांकन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में 40 स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मी सतर्क रहे। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि चार फरवरी से शुरू हुए नामांकन कार्यक्रम में 11 फरवरी तक 40 स्थानों पर अलग–अगल टीमों की ड्यूटी लगाई गई थी। कलेक्ट्रेट परिसर में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसको लेकर एक प्रत्याशी के एक ही वाहन के प्रवेश की अनुमति थी। वाहन को डीएम कार्यालय से पूर्व ही रोककर प्रत्याशियों को पैदल प्रवेश दिया जा रहा था। शाम तीन बजे तक नामांकन का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा लिया गया है। विधानसभा चुनाव के लिए पांचों विधानसभा के प्रत्याशियों का नामांकन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में 40 स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मी सतर्क रहे। अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने बताया कि चार फरवरी से शुरू हुए नामांकन कार्यक्रम में 11 फरवरी तक 40 स्थानों पर अलग–अगल टीमों की ड्यूटी लगाई गई थी। कलेक्ट्रेट परिसर में किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसको लेकर एक प्रत्याशी के एक ही वाहन के प्रवेश की अनुमति थी। वाहन को डीएम कार्यालय से पूर्व ही रोककर प्रत्याशियों को पैदल प्रवेश दिया जा रहा था।

## निर्मेष मंगल की अचानक बिगड़ी तबीयत

महराजगंज। महराजगंजरू सदर से निर्दल प्रत्याशी निर्मेष मंगल की नामांकन के बाद दोपहर करीब तीन बजे अचानक तबीयत खराब हो गई, जिन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। निर्मेष मंगल नामांकन करने के बाद बाहर चार नंबर गेट पर आए तो मीडियाकर्मियों से वार्ता करने के बाद अचानक सीने पर हाथ रखते हुए अचेत तो गए। वहां मौजूद लोगों ने आनन–फानन में पानी के छिटें मार होश में लाने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस की जीप से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल के डाक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि निर्मेष मंगल का ब्लड प्रेशर काफी बढ़ा हुआ था। सीने में भी तेज दर्द था। दवा देकर राहत मिलने पर उन्हें मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया है।

## चुनाव में लगे वाहनों का जीपीएस ठीक कराएंः डीएम

महराजगंज। विधानसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम सत्येन्द्र कुमार ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उड़नदस्ता टीम और स्टेटिक निगरानी टीम के वाहनों का जीपीएस लोकेशन भी चेक किया। कुछ वाहनों का जीपीएस काम नहीं करने पर उसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। डीएम ने निरीक्षण के समय कंट्रोल रूप में प्राप्त हो रही शिकायतों व उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। कहा कि कंट्रोल रूम को 24 घंटे चालू रखें। शिकायतों को तय प्रक्रिया के तहत प्राथमिकता से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने चुनाव में तैनात उड़नदस्ता टीम और स्टेटिक निगरानी टीम के वाहनों की निगरानी प्रणाली के बारे में भी पूछताछ की और सक्रिय वाहनों के लोकेशन को चेक किया। कुछ वाहनों का जीपीएस काम न करने पर उन्होंने संबंधित वेंडर को बुलाकर तकनीकी कमियों को तुरंत ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सी–विजिल के संदर्भ में भी जानकारी ली। डीएम ने नोडल प्रभारियों को निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे सातों दिन कार्यरत रहना चाहिए और प्राप्त सभी शिकायतों पर तय प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, एआर कोआपरेटिव सवींद्र सिंह व पीओ डूडा प्रदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## चौकीदारों को मिलेगा बैग, लाठी व टार्च

महराजगंज। विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत जिले के चौकीदारों को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा उन्हें बैग, लाठी, टार्च व सिटी दी जाएगी। शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक 450 चौकीदारों को यह उपहार सौंपकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि चौकीदारों के लिए पुलिस विभाग द्वारा समय–समय पर कार्यक्रम किया जाता रहता है। चौकीदार पुलिस के लिए काफी सहायक भी सिद्ध होते हैं। इनकी उपयोगिता को समझते हुए सरकार ने भी इन्हें ग्राम प्रहरी की संज्ञा दी है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता की ओर से जिले के सभी 1298 चौकीदारों को चुनाव के दृष्टिगत एक बैग, टार्च, लाठी व सिटी दिए जाने का प्रबंध किया गया है। पुलिस लाइन में उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कुल 450 चौकीदारों को पुलिस अधीक्षक के हाथों उपहार दिया जाएगा। शेष चौकीदारों के लिए उनके थानों पर भेजने के प्रबंध किए गए हैं।

## महराजगंज में 66 मिले कोरोना संक्रमित, 40 रोगी हुए स्वस्थ

महराजगंज। जिले में कोरोना रोगियों के मिलने की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। कोरोना के 66 नए रोगी मिले हैं। जबकि 40 रोगी स्वस्थ हो गए हैं। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 14569 है। इसमें 14200 ने कोरोना से जंग जीत ली है। अब तक 145 की मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में सक्रिय रोगियों की संख्या 233 हो गई है।

## 7648 को लगा टीका, 3465 की हुई जांच

महराजगंज। कोरोना का टीका लगवाने का कार्य फीका रहा, लेकिन जांच के कार्य में तेजी रही। इस दिन 7648 किशोर, युवक, महिलाएं और बुजुर्गो को टीका लगाया गया और 3465 लोगों की जांच की गई। जिला महिला अस्पताल, सीएचसी सहित निर्धारित 40 स्थानों पर टीका और जांच का कार्य किया गया। लेकिन रोज की अपेक्षा इस दिन टीका के लिए लोगों की कम भीड़ नजर आई। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि एंटीजन से इसमें 2092 लोगों की जांच की गई है। आरटीपीसीआर जांच के लिए 1373 लोगों का नमूना भेजा गया है। बृजमनगंज में 219, धानी 162, घुघली 251, लक्ष्मीपुर 292, महराजगंज 157, मिठौरा 240, नौतनवा 838, निचलौल 336, पनियरा 244, परतावल 230, फरेंदा 180, सिसवा 140, महिला अस्पताल में 176 लोगों की जांच की गई है।

## शिविर में 315 रोगियों का हुआ इलाज

महराजगंज। ठूठीबारी में सशस्त्र सीमा बल द्वारा लक्ष्मीपुर खुर्द प्राथमिक विद्यालय में निश्शुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 315 लोगों स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई दी गई। सुबह ठूठीबारी क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर खुर्द प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में सशस्त्र सीमा बल महराजगंज व एसएसबी प्रथम वाहिनी बीओपी शितलापुर के देखरेख में निश्शुल्क मानव शिविर का आयोजन किया गया। बीमार छोटे बच्चे, महिलाओं व पुरुषों की जांच कर निश्शुल्क दवा वितरण किया गया। एसएसबी के झुलनीपुर कंपनी इंचार्ज सतीश लाल ने बताया कि कोबरा कमांडेंट मेडिकल डा. अनिल कर व फार्मासिस्ट संदीप राना द्वारा 315 मरीजों का इलाज कर दवा वितरण की गई।

# राम–सीता मिलन व सीता स्वयंवर देख हर्षित हुए श्रद्धालु

महराजगंज। घुघली विकासखंड के पकड़ी विशुनपुर काली मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ में रामलीला के कलाकारों ने तीसरे दिन प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण का मिथिला नगर परिभ्रमण, पुष्प वाटिका में राम–सीता मिलन, सीता स्वयंवर का मंचन किया गया। जनकपुर के राजदरबार में सीता स्वयंवर के लिए आए राजाओं का शिव धनुष तोड़ने का बार–बार असफल प्रयास दर्शकों को रोमांचित कर तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। कलाकारों ने अपने अभिनय से इसे और जीवंत बना दिया। तीसरे दिन मंचन की शुरुआत दोनों राजकुमार संग ऋषि विश्वामित्र जनकपुर पहुंचने से होती है। राजा जनक उनका स्वागत करते हैं। राम–लक्ष्मण गुरु की आज्ञा पाकर जनकपुर घूमने निकलते हैं। पुष्प वाटिका में उनकी भेंट सीता से होती है। अगले दृश्य में सीता स्वयंवर के दौरान राज दरबार में देश–विदेश के राजा उपस्थित हैं, लेकिन कोई भी शिव धनुष को हिला तक नहीं पाता। राजा जनक कहते हैं कि लज्जा करो–लज्जा करो, पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है। इसके बाद गुरु की आज्ञा पाकर श्रीराम धनुष को तोड़ देते हैं और मंगल गीतों के बीच हर्षित सीता उनके गले में वरमाला डालती हैं। रामलीला मंच का उद्घाटन चंदशेखर मिश्रा और श्रीराम चौहान ने किया। मिश्र ने कहा कि राम जैसा आदर्श पुत्र सभी बने। संचालन कृष्णानंद दुबे ने किया। इस दौरान अवनीश पांडेय, जयकरन, अमेरिका, अजय कन्नौजिया, राजू प्रजापति, विजय गुप्ता, रामप्रीत प्रजापति, अशोक गुप्ता, जोखई गुप्ता, डा. रामानंद चौधरी, राजेंद्र सेठ, डा. प्रद्युम्न कुमार, मनोज आदि उपस्थित रहे।

राम वन गमन को देख छलके आंसूः महराजगंज। मिठौरा कस्बे में चल रहे श्रीरुद्र मृत्युंजय महायज्ञ के सातवें दिन रामलीला मंडली ने दशरथ के वचन और राम वन गमन का मंचन किया। वन गमन के दृश्य को देखकर श्रद्धालु भक्तों के आंसू छलक उठे। भगवान श्रीराम सीता संग विवाह कर अयोध्या लौटने पर दरबार के लोगों को राम का राज्याभिषेक करने की सलाह दशरथ को दिया। दशरथ ने घोषणा भी करवा दिया। रानी कैकेयी की दासी मंथरा के सलाह पर कोप भवन में चली गई। दशरथ ने जानने पर वजह पूछा, तो कैकेयी ने अपने वरदान की मांग की। रामलीला मंडली के मंचन के जीवंतता को देखकर लोगों के आंखों से आंसू छलक उठे। स्वदेश कुमार, रंजीत कुमार साहनी, विशाल कुमार निगम, राधेश्याम निगम, गिरिजेश गुप्ता, भोला निगम, अमरनाथ गुप्ता, गुड्डू यादव आदि मौजूद रहे।

# करोड़ों के मालिक हैं ऋषि, शंखलाल व शिवेंद्र

महराजगंज। जिले की विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने नामांकन के दौरान शपथ पत्र में अपनी संपत्ति बताई है। इसमें फरेंदा के सपा प्रत्याशी शंखलाल माझी, नौतनवा के निर्बल इंडिया शोषित हमारा आमदल के प्रत्याशी ऋषि त्रिपाठी, सिसवा के निर्दल प्रत्याशी शिवेंद्र सिंह करोड़ों के मालिक हैं। सभी की संपत्ति छह–छह करोड़ रुपये से अधिक है। 6.37 करोड़ के मालिक हैं शंखलाल माझी

फरेंदा के सपा प्रत्याशी शंखलाल माझी की शैक्षिक योग्यता बीए है। इनके पास नकद 1.50 लाख रुपये, बैंकों में 5.90 लाख रुपये, वाहन टाटा सफारी 8.67 लाख, फार्चूनर 24 लाख, आभूषण 22.70 लाख रुपये, एक राइफल 1.40 लाख रुपये, रिवाल्वर 70 हजार रुपये सहित 57 लाख रुपये की चल संपत्ति है। इसके अलावा भूमि व आवास 5.80 करोड़ रुपये की है। इस प्रकार कुल संपत्ति 6.37 करोड़ रुपये है। जबकि पत्नी के पास एक लाख रुपये नकद, 32.45 लाख रुपये बैंकों में है। चार लाख रुपये का ट्रैक्टर व 51 लाख रुपये का आभूषण सहित चल संपत्ति 88 लाख रुपये है। इसके अलावा भूमि व आवास 9.90 करोड़ रुपये का है।

नौतनवा के निर्बल इंडिया शोषित हमारा आमदल के प्रत्याशी ऋषि त्रिपाठी की शैक्षिक योग्यता एलएलबी है। इनके पास नकद 60 हजार रुपये हैं। बैंकों में 23 लाख, बीमा 10 लाख रुपये, वाहन छह लाख रुपये का, आभूषण 2.50 लाख रुपये, एक पिस्टल 70 हजार, एक गन 15 हजार रुपये सहित चल संपत्ति 46.74 लाख रुपये है। आवासीय भूमि व भवन 5.70 करोड़ रुपये है। इस प्रकार कुल संपत्ति 6.16 करोड़ रुपये की है। जबकि पत्नी के पास 40 हजार रुपये नकद, बैंक में 14 लाख, आभूषण 10.50 लाख सहित चल संपत्ति 24.87 लाख रुपये है। शिवेंद्र सिंह के पास 6.72 करोड़ की संपत्तिः सिसवा के निर्दल प्रत्याशी शिवेंद्र सिंह के पास नकद 1.55 लाख रुपये है। बैंकों में 32.91 लाख रुपये, बीमा 1.05 लाख, एक इनोवा कार नौ लाख रुपये, आभूषण 2.45 लाख रुपये, बंदूक और रिवाल्वर सहित चल संपत्ति 1.23 करोड़ रुपये भूमि व आवास 5.49 करोड़ रुपये है। इस प्रकार कुल संपत्ति 6.72 करोड़ रुपये है। जबकि पत्नी के पास नकद 1.75 लाख, आभूषण 38.75 लाख सहित कुल संपत्ति 1.77 करोड़ रुपये है। बीकाम हैं कांग्रेस प्रत्याशी आलोकः सदर के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक प्रसाद की शैक्षिक योग्यता बीकाम है। इनके पास नकद 45 हजार रुपये, बैंकों में 10515, वाहन सफारी 12.45 लाख रुपये, आभूषण सात लाख, बचत दो लाख रुपये, कृषि भूमि 3.66 करोड़ सहित कुल 3.86 करोड़ रुपये रुपये है। पत्नी के पास नकद 40 हजार रुपये, बैंकों में 25 हजार, आभूषण 15 लाख रुपये है। प्रत्याशियों ने हलफनामे में बताई संपत्तिः सदर से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की प्रत्याशी गीता रत्ना की शिक्षा इंटर है। इनके पास आभूषण 3.25 लाख रुपये सहित कुल संपत्ति 1.04 करोड़ है। सिसवा से निर्दल प्रत्याशी राकेश कुमार मिश्रा की शिक्षा इंजीनियरिग है। निचलौल और कोठीभार थाने में मामला दर्ज है। इनके पास कुल संपत्ति 32 लाख रुपये है। जबकि पत्नी के पास 4.70 करोड़ रुपये की संपत्ति है। सदर से निर्दल प्रत्याशी निर्मेष मंगल की शैक्षिक योग्यता एमए है। इनके पास कुल संपत्ति 35 लाख रुपये है।

## पोस्टर प्रतियोगिता में शिवांगी ने प्रथम स्थान पाया

शिकोहाबाद। बीडी एम कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिकोहाबाद में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के तहत प्राचार्या डॉ. गीता यादवेन्दु एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. नीलम व प्रीति सिंह के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी गई। प्राचार्या ने छात्राओं को शपथ दिलाई '' हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं, कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे एवं स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्राचार्या डॉ. गीता यादवेन्दु ने कहा कि '' हम संवैधानिक दृष्टि से निष्पक्ष और नीतिगत रूप से अपने दायरे में कोविड़ प्रोटोकोल का पालन करते हुए मतदान अवष्य करें। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं अपितु जिघ्मेदारी भी है। पूर्व प्राचार्या डॉ. नीता सक्सेना व डॉ. शशिप्रभा तोमर ने भी जागरूक किया। मतदाता जागरूकता विषय पर स्वयं सेविकाओं की सक्रिय सहभागिता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान पर शिवांगी, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमषः याशिका व प्रेमलता रहीं। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ. नीता सक्सेना व डॉ. शषिप्रभा तोमर ने किया। डॉ. चन्द्रा सिंह, डॉ. अल्पना सक्सेना, मंजू सारस्वत, सुनीता, नूतन, डॉ. रेनु की सहयोगात्मक उपस्थिति रही।

# जनसम्पर्क एवं जन चौपालों के माध्यम से अधिवक्ता परिषद की टीम करेंगी मतदाताओं को जागरूक

### राष्ट्र की एकता व अखण्ड़ता के लिये मतदान का प्रतिषत प्रदेष में सर्वोच्च रखे जाने का लक्ष्य

फिरोजाबाद। अधिवक्ता परिषद ईकाई फिरोजाबाद मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये जनपद की सभी विधानसभाओं में जन चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। जिससे राष्ट्र की एकता व अखण्ड़ता के लिये मतदान का प्रतिषत प्रदेष में सर्वोच्च रखा जा सकें। यह जानकारी जिला महामंत्री ठा. दलवीर सिंह तौमर एड ने देते हुये बताया है कि जन चौपाल कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूती के लिये राष्ट्र की एकता व अखण्ड़ता के लिये इस चुनाव में मतदान का प्रतिषत प्रदेष में सर्वोच्च रखे जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसलिये अधिवक्ता परिषद के अधिवक्ताओं की टीम पूरे जनपद की पांचों विधानसभा के मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्वेष्य से सघन जनसम्पर्क अभियान एवं चौपालों का आयोजन करेंगे। इसी क्रम में 12 फरवरी को जसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव बवाइन, नगला धीर, पाढ़म, सलेमपुर पटीकरा, बड़ा गांव व जसराना में ठा. दलवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में जनसम्पर्क एवं जन चौपाल का आयोजन होगा। जिमसें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय परिषद सदस्य विजय कुमार षर्मा, जिलाध्यक्ष रविन्द्र षर्मा, पूर्व षासकीय अधिवक्ता हरीषंकर सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही फिरोजाबाद विधानसभा में अरूण कुमार षर्मा के नेतृत्व में जेपी षर्मा, डम्बर सिंह कुषवाह, कौषल बाबू, प्रेम प्रजापति, भुवनेष्वर यादव, प्रदीप चौहान, विश्राम सिंह राठौर, अनुराम मिश्रा, देवेन्द्र राठौर आदि लोग जनसम्पर्क एवं जन चौपाल के माध्मय से मतदाताओं को जागरूक करेंगे।

# निर्वाचक साक्षरता क्लब ने शहर वासियों को किया जागरूक

### शहर वासियों को रैली के माध्यम से किया गया मतदान के लिए जागरूक

फिरोजाबाद। एडीएम अभिषेक कुमार सिंह एवं डीआईओएस बालमुकुंद प्रसाद के निर्देशन में ईएलसी के सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली गई रैली। इस मौके पर सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि सेंट्रल चौराहे से लेकर घंटाघर चौराहे तक उपस्थित नागरिकों को 20 फरवरी को जिले में मतदान के लिए जागरूकता रैली निकाली गई है। आगामी 20 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि वह विधानसभा चुनाव के लिए अपना मतदान कर सकें। इसमें अधिक से अधिक लोग अपनी सहभागिता करें। सभी उम्र के मतदाता चाहे वे युवाओं चाहे बुजुर्ग अथवा ऐसे मतदाता जो पहली बार निर्वाचन में मतदान के लिए तैयार हैं। सभी को मत का प्रयोग करना है। लोकतंत्र में एक सजग नागरिक का कर्तव्य है कि वह चुनावी प्रक्रिया में बढ़–चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत–प्रतिशत मतदान जरूरी है। विधानसभा चुनाव इसलिए 18 वर्ष की आयु के युवाओं को मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कोविड गाइड लाइंस के तहत रहने कोरोना बचाव के बारे में भी जानकारी दी। इसी के साथ हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर वोट डालने जाएंगे अपना फर्ज निभाएंगे, बूढ़े हो या जवान सब मिलकर करो मतदान तथा एक भी वोट ना हो खराब 20 फरवरी को रखो याद के नारे लगाते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली। मतदान के लिए किसी के प्रलोभन वह बहकावे में ना आए और स्वयं के विवेक से मतदान करें यदि कोई व्यक्ति उन्हें किसी पर किसी प्रत्याशी विशेष के पक्ष में मतदान करने या ना करने के लिए डराया धमकाया तो उसकी ससूचना हेल्पलाइन नंबर पर दे सकते हैं। रैली में पंकज, सोनू कुमार, शिवम, प्रिंस, मोनू शर्मा, शिव कुमार, किशोर रॉय, शिवम कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के लोग कर रहे सपा को बदनामः रामगोपाल

शिकोहाबाद। सिरसागंज विधान सभा क्षेत्र के अरॉव व्लाक के गॉव नगला धर्म स्थित ओमवीर सिंह सियाराम महाविद्यालय में सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने सभा को संबोधित करते हुए जनता से सपा प्रत्याशी सर्वेश यादव को जिताने की अपील की। उन्होंने क्षेत्र की जनता से कहा आप सभी को समझाने आया हूँ कि पूरे प्रदेश में किसान और नौजवान सपा को समर्थन कर रहा है। जो 10 फरवरी को वोटिंग हुयी है, उसमें लोगों का कहना है ऐसा वोट कभी नही पड़ा। पिछली वार 58 सीटो मे53 सीटे भाजपा के पास थी, लेकिन अव 53 सीटे सपा व सहयोगी दलो की हो सकती हैं। इस वार लोगों ने जाति धर्म से ऊपर उठकर वोट किया है। जिससे बाबा को हटाकर अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाया जा सके। उन्होंने कहा आप वोट डालने जायें तो तीन वातों का ध्यान रखे 1. पार्टी की नितियां कैसी हैं 2. पार्टी का उम्मीदवार कैसा है और पार्टी के नेता की नियति कैसी है। इन तीनो वातों को ध्यान में रख कर वोट करें । इस अवसर पर डॉ. विनोद यादव, विजेन्द्र यादव ठेकेदार, अजय यादव, विकास यादव, श्रीनाथ देव, धर्मेन्द्र यादव, रमेश चंचल, दुर्गपाल यादव, हरिशंकर यादव, आदि के अलावा संकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाटपार रानी में खिलेगा कमल या दौड़ेगी साइकिल,आखिर किसकी होगी

भाटपार रानी,देवरिया। देवरिया जिले की भाटपार रानी विधानसभा की सीट पर बीजेपी और सपा में कांटे की टक्कर है। छठे चरण में यहां 3 मार्च को मतदान होना है ।भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 2017 का चुनाव केंद्र में भाजपा के कार्यों व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा गया था। उत्तर प्रदेश के पूर्वी छोर पर स्थित देवरिया जनपद में 7 विधानसभा सीट है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 7 में से 6 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। भाटपार रानी सीट पर भाजपा हार गई । 2017 में भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने सलेमपुर के सांसद रविंद्र कुशवाहा के अनुज जयनाथ कुशवाहा गुड्डन को अपना प्रत्याशी बनाया था जिन्हें सपा प्रत्याशी डॉक्टर आशुतोष उपाध्याय ने 11000 मतों से पराजित कर समाजवाद का झंडा बुलंद किया था। भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र समाजवाद को मानने वालों का गढ़ रहा है ।यहां से राज मंगल तिवारी, कैलाश कुशवाहा, हरिवंश सहाय के साथ–साथ कामेश्वर उपाध्याय 2007 एवं 2012 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर इस क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके हैं। 2012 में कामेश्वर उपाध्याय के निधन के बाद 2013 में हुए उपचुनाव में उनके पुत्र डॉक्टर आशुतोष उपाध्याय ने जीत का परचम लहराया था। 2017 में भी आशुतोष उपाध्याय को विजय श्री हासिल हुई थी। एक महत्वपूर्ण बात किया है कि भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड लहर के बावजूद भाटपार रानी विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी नहीं जीत पाई ।इसका कारण एक यह भी है कि दिवंगत सपा विधायक कामेश्वर उपाध्याय का व्यक्तित्व ऐसा रहा है की हर जाति, हर कौम, हर समुदाय में उनकी अच्छी पकड़ रही है ।वे निर्दलीय, कांग्रेस या सपा से लड़े , उन्हें पार्टी के आधार पर तो वोट मिला ही, उनके व्यक्तित्व के आधार पर भी उन्हें ज्यादा वोट मिले। उनकी इस छवि को उनके पुत्र डॉ आशुतोष उपाध्याय ने बरकरार रखा है और उनके साथ भी वे सारे लोग जुड़े हैं जो उनके पिताजी के साथ जुड़े थे। यादव, मुस्लिम वोट बैंक के अलावा एक ब्राह्मण चेहरा होने के नाते ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य वर्ग भी काफी संख्या में जुड़े हुए हैं । इस कारण आज तक भाजपा अपनी जीत नहीं दर्ज कर कर पाई है पर इस बार भाजपा की खास नजर है भाटपार रानी विधानसभा सीट पर ।भाजपा का टिकट पाने के लिये भाजपा के पूर्व प्रत्याशी जय नाथ कुशवाहा, सभा कुंवर कुशवाहा और युवा नेता अश्वनी कुमार सिंह, राजकुमार शाही कतार में थे ।पिछले चुनाव में भाजपा से प्रत्याशी बने जयनाथ कुशवाहा को 51000 वोट मिले थे ।वहीं बहुजन समाज पार्टी से सभा कुंवर 42000 वोटों पर सिमट गए थे । युवा चेहरा अश्वनी कुमार सिंह जो एक क्षत्रिय चेहरा हैं, निर्दलीय प्रत्याशी थे उन्हें 13000 वोट मिले ।भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के नारों को बुलंद करते हुए अपने विकास कार्यों के आधार पर चुनाव लड़ रही है, साथ ही उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ का चेहरा सबसे पसंदीदा है । यह फैक्टर भी काफी अहम है । कुशवाहा बिरादरी के चेहरे के रूप में अजय कुशवाहा भी अपनी एक पहचान रखते हैं । वह एक युवा चेहरा हैं और जिला पंचायत सदस्य के रूप में उन्होंने अपनी पहचान बनाई है ।इस बार वह बीएसपी के प्रत्याशी के रूप में खड़े हैं । ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि राशन, श्रम कार्ड ,जनधन योजना, आवास, गैस रसोई, आदि की सुविधाओं का लाभ पाकर दलित समुदाय के वोटों में से मेजर वोट भाजपा को जा सकता है । जातीय समीकरण के आधार पर अजय कुशवाहा को भी कुशवाहा बिरादरी का वोट प्राप्त होगा, परंतु उनके वोटों का प्रतिशत कम रहने की संभावना है ।कांग्रेस के उम्मीदवार केशव चंद्र यादव को अभी संघर्ष करना पड़ सकता है ।कांग्रेस का कोई विशेष जनाधार इस विधानसभा में नहीं है । भाटपार रानी विधानसभा सीट पर आप नजर दौड़ाएंगे तो पार्टी के आधार पर या विकास कार्यो के आधार पर वोट मिलता ही है पर इन सबसे इतर व्यक्तित्व का आधार भी बहुत महत्वपूर्ण है। जातीय समीकरण का आधार अगर माने तो कुशवाहा बहुल क्षेत्र होने के नाते उनका वोट प्रतिशत सभा कुंवर कुशवाहा की तरफ जा सकता है ।जो भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता हैं चाहे वह किसी भी जाति के हो को भाजपा को वोट करेंगे ।

# एनएसएस के प्रथम एक दिवसीय शिविर के तहत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। नगर स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली महाविद्यालय के मुख्यद्वार से होते हुए अंबेडकर स्टेडियम से वीआईपी रोड होते हुए चढ्ढा मार्केट से सेक्टर–आठ होते हुए महाविद्यालय पहुंची तत्पश्चात मतदाता जागरूकता पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अमूल्य कुमार सिंह ने किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों को मतदान की महत्ता के बारे में बताया तथा कहा कि "मतदान करने अवश्य जाएं घर पर बैठकर आराम न करें" का संदेश दिया। आपने ऑनलाइन शिक्षा के बारे में भी बताया।महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राधाकांत पांडेय ने शिविरार्थियों को सही मार्ग पर चलने के लिए बताया व अपने मतदान के द्वारा सही राजा का चुनाव करें के बारे में बताया। महाविद्यालय के इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार सैनी ने शिविरार्थियों को मतदान के अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और कहा कि लोगो को अपना मत अवश्य देना चाहिए। जिससे मजबूत लोकतंत्र की स्थापना हो सके। गणित विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ उपेंद्र कुमार ने शिविरार्थियों को समय पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ महीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ विभा पाण्डेय, डॉ किशोर कुमार सिंह, डॉ विकास कुमार व कार्यालय अधीक्षक प्रमोद कुमार केशरी सहित तमाम छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।




# रोशन भारत का पर्याय है एनटीपीसीःगुरदीप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

शक्तिनगर/सोनभद्र। सीएमडी एनटीपीसी गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंधा निदेशक एवं उच्च अधिकारियों द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली का दौरा किया गया। गुरदीप सिंह नें विद्युत गृह की प्रचालन प्रणालियों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं उच्च गुणवत्ता पूर्ण रख रखाव सहित अबाध विद्युत उत्पादन हेतु विभिन्न निर्देश दिए। गुरदीप सिंह नें उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि, यह गर्व का विषय है कि एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना विगत 40 वर्षो से निर्बाध विद्युत उत्पादन कर देश को रोशन कर रही है एवं एनटीपीसी सिंगरौली विद्युत उत्पादन में देश की सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं में भी शुमार है। उन्होने कहा कि हमें हर घर को रोशन करने के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। एनटीपीसी इस देश में विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुकी है एवं भारत सरकार कि अपेक्षाओं के अनुरूप चरनबद्ध तरीके से विकास कर रही है। उन्होने कहा कि, एनटीपीसी न सिर्फ रोशन भारत का पर्याय है बल्कि सामाजिक विकास का भी आईना है, प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से असंख्य लोग एनटीपीसी से लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर रमेश बाबू वी, निदेशक (प्रचालन), देबाशीश सेन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, ए के त्रिपाठी, कार्यकारी निदेशक (प्रचालन सेवाएँ ) एम के श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक (अभियांत्रिकी ), सी शिवाकुमार, कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा) ने भी विद्युत गृह कि उपलब्धियों की सराहना करते हुये सुरक्षा,पर्यावरण, प्रचालन के मानकों के अनुरूप कार्य प्रणाली को सुदृढ़ करते रहने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गुरदीप सिंह द्वारा प्लांट विजिट के दौरान एफजीडी क्रशर हाउस सिविल कार्य का शुभारंभ किया गया एवं ट्रैक होपर, सुरक्षा पार्क सहित प्लांट के विभिन्न यूनिट एवं महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक से पूर्व सभी आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों का एनटीपीसी सिंगरौली परिवार द्वारा परंपरागत रूप से स्वागत किया गया एवं अपने स्वागत सम्बोधन में बसुराज गोस्वामी, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली नें सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति सादर आभार व्यक्त करते हुए उनके कुशल मार्ग दर्शन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं उन्हें विश्वास दिलाया कि एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना हमेशा देश एवं समाज के हित में अपना सर्वोच्च योगदान करती रहेगी । समीक्षा बैठक में विद्युत गृह के उच्च अधिकारियों के साथ ही विद्युत गृह के जनप्रतिनिधि साथ भी बैठक का आयोजन किया गया एवं उनके सकारात्मक सुझाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।




# उन्नाव की पीड़िता को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेसः प्रियंका गांधी

## कांग्रेस ने गठित की तीन सदस्यीय कमेटी, पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर सौंपेगी रिपोर्ट

लखनऊ। उन्नाव में तकरीबन 2 महीने से लापता दलित लड़की की हत्या का मामला तूल पकड़ रहा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी ने उन्नाव पीड़िता की मां से फोन पर बात कर उन्हें उन्हें न्याय दिलाने की बात कही और पीड़िता के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने पीड़िता की मां से कहा कि इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई में पूरी कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है। जल्दी मिलने आऊंगी और आपकी आवाज उठाऊंगी और आपके लिए लडूंगी। वहीं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कांग्रेस की तरफ से एक तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है, जो उन्नाव जाकर पीड़िता के परिजनों से मुलाकात करेंगी और अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट पार्टी को देगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी ने ट्वीट कर कहा कि ''उन्नाव में जो घटा वो उत्तर प्रदेश में नया नहीं है। एक दलित लड़की की मां अपनी बेटी का पता लगाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटती रही, अंत में उसको अपनी बेटी का शव मिला। प्रशासन ने उसकी एक नहीं सुनी। भाजपा को इस मुद्दे पर राजनीति करने की बजाय जवाब देना चाहिए कि प्रशासन क्यों उस मां को जनवरी से दौड़ाता रहा? किसने इस बिटिया की मां की गुहार नहीं सुनी?'' उन्होंने मुख्यमंत्री योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि ''योगी आदित्यनाथ आप अपने भाषणों में कानून व्यवस्था की बात करना छोड़ दीजिए। आपके प्रशासन में महिलाओं को न्याय के लिए दर–दर भटकना पड़ता है, महिलाओं पर अत्याचार होने पर उनकी आवाज सुनी ही नहीं जाती, महिलाओं पर अत्याचार कर उनकी हत्या कर दी जाती है और आप झूठे दावों में व्यस्त रहते हैं।'' कांग्रेस द्वारा जारी एक पत्र में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू द्वारा कमेटी गठित करने की बात करते हुए कहा गया है कि कमेटी 12 फरवरी को उन्नाव के काशीराम कॉलोनी निवासी मृतका के परिजनों से मिलेगी। कमेटी स्थानीय प्रशासन से भी बात करेगी और वास्तविक जानकारी लेकर अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देगी। तदनुसार, कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार की पूरी लड़ाई लड़ेगी। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, 2016 से 2020 तक उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा हत्याएं हुईं। इस दौरान अलग–अलग शहरों में वारदात में 20 हजार 816 लोगों का कत्ल हुआ। 2017 से 2019 तक यहां अपहरण के 58 हजार 222 मामले दर्ज हुए हैं। एनसीआरबी ने 2016 से 2019 तक के उन 20 शीर्ष शहरों की सूची जारी की है, जहां सबसे ज्यादा हत्याएं हुई हैं। इनमें तीन उत्तर प्रदेश के हैं। गाजियाबाद, कानपुर और लखनऊ में 2016 से 2019 के बीच मर्डर के सबसे ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल यानी 2020 में महिलाओं और युवतियों से दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म के बाद सबसे ज्यादा हत्याएं उत्तर प्रदेश में हुईं हैं। दहेज हत्या के सबसे ज्यादा मामले भी उत्तर प्रदेश में ही दर्ज हुए। 2020 में यहां इस तरह के 2274 मामले दर्ज हुए। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2019 तक उत्तर प्रदेश में अपहरण के सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए। यहां 2017 में 19,921, 2018 में 21,711 और 2019 में 16,590 लोगों का अपहरण किया गया।

# लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में एफएम रेडियो स्टेशन स्थापित करने की उठाई मांग

लखनऊ। राजधानी में द क्रिएटिव एअर ग्रुप ने 13 फरवरी विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर छात्र समुदाय की आवाज और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को आगे बढ़ाने के मकसद से लखनऊ विश्वविद्यालय कैम्पस में ष्कम्यूनिटी रेडियो स्टेशनष स्थापित करने की मांग देश के राष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व लविवि के कुलपति से एक पत्र लिखकर की है। द क्रिएटिव एअर ग्रुप (संघर्ष समिति) के प्रमुख एवं पूर्व रेडियो उद्घोषक कलीम खघन ने सभी देशवासियों को विश्व रेडियो दिवस की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वायु तरंगें जन सम्पत्ति हैं और उनका प्रयोग जन कल्याण के लिए होना चाहिए। नागरिकों व समुदायों का रेडियो तरंगों तक पहुंच का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1) । से आश्वस्त है,जो हमें विचारों को व्यक्त करने का मौलिक अधिकार देता है। भारतीय सामुदायिक रेडियो पालिसी देश के सुदृढ़ शिक्षा संस्थानों के कैम्पस में कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन स्थापित करने की अनुमति देती है और देश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में कैम्पस रेडियो स्टेशन स्थापित का वादा भी करती है। इसी राइट टू रेडियो के तहत हम लखनऊ विश्वविद्यालय और देश के सभी विश्वविद्यालयों में कैम्पस रेडियो स्टेशन स्थापित करने की मांग करते हैं। इसके पश्चात बताया कि लविवि परिसर में रेडियो स्टेशन स्थापित होने से छात्र कम्यूनिटी में उत्साह की लहर दौड़ जाएगी और उन्हें सूचना,ज्ञान और मनोरंजन के साथ–साथ अपने विचार अपनी मांग,प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा।चूंकि कैम्पस रेडियो स्टेशन का संचालन छात्रों ने किया है,इससे इनके अन्दर नेतृत्व और जिम्मेदारी का विकास होगा,साथ ही सहिष्णुता,संवाद,शान्ति, मौलिकता,सामुहिक संस्कृति एवं विविधता का बोध होगा। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस पर यूनेस्को का थीम वाक्य ष रेडियो टू ट्रस्टष यानी रेडियो और विश्वास है,जिसे हम सब सेलिब्रेट करते हैं। तुर्की के महान कवि नाजिम हिकमत ने रेडियो के महत्व और शक्ति के विषय में अपने ह्रदय के उद्गार व्यक्त करते हुए कहा था कि, रेडियो की ध्वनि तरंगें नीले आसमान में उड़ने वाले परिंदों के समान हैं।मानवता के विकास की अनन्त सम्भावनाओं के द्वार जिस दिशा में खुलते हैं रेडियो के प्रसारण कर्ता उस ओर अग्रसर हैं।

# सिक्खों का बलिदान समाज के प्रति सराहनीयः ब्रजेश

लखनऊ। योगी सरकार के कानून मंत्री व कैंट विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी ब्रजेश पाठक ने शनिवार को आलमबाग गुरुद्वारे में सिक्ख समाज के साथ अहम बैठक की। बैठक के दौरान सिक्ख समाज के लोगों ने 31 किलो की माला पहनाकर कानून मंत्री का स्वागत किया। यह जानकारी कैंट विधानसभा के मीडिया प्रभारी सतवीर सिंह राजू ने दी। उन्होंने बताया कि सिक्ख समाज ने ब्रजेश पाठक को आश्वस्त किय कि उन सभी का वोट उन्हीं को मिलेगा। समाज ने उनको सवा लाख वोटों से जिताने की अपील की। इस मौके पर कानून मंत्री ने कहा कि सिखों का बलिदान समाज के प्रति सराहनीय रहा है। उन्होंने सिक्ख समुदाय को आश्वस्त किया की वे हमेशा उनके दुरूख सुख में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंगे यह भी बताया कि मतदान करना कितना जरूरी है। कानून मंत्री ने भाजपा को अधिकाधिक वोट कर जिताने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से महापौर संयुक्ता भाटिया, अध्यक्ष आलमबाग गुरुद्वारा निर्मल सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह यहियागंज, मनमोहन सिंह सेठी चन्दर नगर, सतपाल सिंह मीत सचिव नाका गुरुद्वारा, अमरजीत सिंह अध्यक्ष कृष्णा नगर गुरुद्वारा सहित सिक्ख समुदाय के अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहें।

# हमारा वोट बैंक जो 300 यूनिट बिजली फ्री चाहता है जो अच्छी शिक्षा चाहता हैः संजय

लखनऊ। **AAP** के राज्य सभा सांसद और विधानसभा चुनाव के स्टार प्रचारक संजय सिंह ने शनिवार को जिला पीलीभीत की बीसलपुर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी भाई डी.पी. गंगवार के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने लोगों से आम आदमी पार्टी को वोट देकर यूपी को खुशहाल बनाने का काम करने की अपील की। इसके बाद संजय सिंह ने शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा से ।।च प्रत्याशी कुमार सिंह के समर्थन में एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। संजय सिह ने अपनी जनसभाओं में जतना को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोग पूछते हैं आपका वोट बैंक क्या है, तो मैं उनसे कहता हूं कि हमारा कोई वोट बैंक नहीं। हमारा वोट बैंक वो है जो 300 यूनिट बिजली फ्री चाहता है। जो शिक्षा अच्छी चाहता है, जो अस्पताल अच्छे चाहता है। जो पांच हाजर रुपये बेरोगारी भत्ता चाहता है वो हमारा वोट बैंक हैं। क्योंकि वोट बैंक बनाने वाले हिन्दू मुस्लिम नाम पर झगड़ा कराने वालों ने आपके बैंक के खातों को खाली करने का काम किया है। आदित्यनाथ जी को वोट दे दिया तो यूपी कंगाल जरूर हो जाएगा।

संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा क्या दिया पांच साल में आपने। गुंडाराज की बात करें तो रात को दो बजे हाथरस में गरीब की लड़की को जला दिया जाता है, खुशी दूबे आज भी जेल में सड़ रही है। छोटी–छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार की घटनाएं आपके राज में हो रही हैं। आदित्यनाथ जी कैसे गुंडाराज दूर करोगे जब राज्य का गृह राज्य मंत्री उसकी गाड़ी से उसका बेटा चार किसान और दो पत्रकारों को कुचलकर मार देता है। जिस राज्य का गृह राज्य मंत्री खुद अपरधी हो उसका बेटा अपराधी है उस राज्य में गुंडा राज कैसे खत्म हो सकता है। भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए संजय सिंह ने कहा कि नकली बातें चुनाव में करते हैं। बेरोजगारी की बात नहीं करते, किसानों की बात नहीं करते। शिक्षा की बात नहीं करते। हिन्दुस्तान की पहचान खूबसूरती को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि तुम भारत माता की जय लगाते हो तो झगड़ा कराते हो। और जब हम भारत माता की जय लगाते हैं तो हम यह मानते हैं कि हमारे देश के 130 करोड़ बच्चे हैं और कोई मां अपने बच्चों में झगड़ा कराने का काम नहीं करती है।

# जाति धर्म भूलकर करना है मतदान

लखनऊ। इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया द्वारा चलायें जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के तहत चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के बीच बैठक, रैली, हस्ताक्षर सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत शनिवार को बुद्घेश्वर, राजाजीपुरम के विभिन्न मोहल्लों में कई कार्यक्रम किये गये। इस अवसर पर संस्था की सदस्य एकता ने कहा कि महिलाएं और बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, और वे भी जागरुक होकर मतदान में भी पीछे नहीं रहेंगी। हम सभी को चाहिए कि अपने घर परिवार सहित आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। संस्था के सदस्य सुंदर लाल ने कहा कि मतदान के लिए युवाओं को जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वह घर–घर जाकर सभी को सही पहले मतदान फि र दूसरे काम के लिए प्रेरित करे। जागरूकता अभियान में मुन्ना, विरेन्द्र, निर्मला, राज, रविंद्र सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# 10 मार्च के बाद भाजपा सरकार के शपथ लेने के साथ ही किसानों को बिजली का बिल नहीं देना होगा, उनका भुगतान सरकार करेगीः उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

## शाहजहांपुर की जलालाबाद, बदायूं की शेखपुर, बिजनौर की नूरपुर और सहारनपुर की नकुड़ विधानसभाओं में डिप्टी सीएम ने की जनसभाएं

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज एलान किया कि 10 मार्च को भाजपा सरकार बनने के बाद किसी किसान को बिजली के बिल का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। जनता के एक–एक वोट का भाजपा और मुझ पर कर्ज होगा। भाजपा सरकार विकास करके इस कर्ज को चुकाएगी।

उपमुख्यमंत्री मौर्य ने आज शाहजहांपुर, बदायूं और सहारनपुर में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाओं के दौरान कहा कि 10 मार्च को भाजपा सरकार के शपथ लेने के बाद किसी किसान को बिजली का बिल नहीं देना होगा, भुगतान सरकार करेगी । उन्होंने कहा जनता का एक–एक वोट भाजपा और मुझ पर कर्ज होगा, जिसे यूपी का विकास करके चुकता करेंगे। केशव ने पीएम मोदी को नवयुग का निर्माता बताते हुए कहा कि ऐसा नेता धरती पर, एक बार ही आता है।

शाहजहांपुर की जलालाबाद विधानसभा में दूसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है और मैं आखिरी गेंद पर सिक्सर लगाने आया हूं।' भाजपा प्रत्याशी हरिप्रकाश वर्मा को जिताने की अपील करते हुए उन्होंने जनता से कहा कि यह संकल्प लेना है कि आप कमल का फूल खिलाएंगे और साइकिल को पंचर करने का काम करेंगे। जितने भाजपा विरोधी प्रत्याशी है सबकी जमानत जब्त कराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाकर जा रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो कहती है वो करती है। डबल इंजन की सरकार में गरीबों के मसीहा नरेन्द्र मोदी बैठे हैं। प्रदेश में योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बैठी है।

डिप्टी सीएम ने जलालाबाद विधानसभा के किसानों से कहा कि उनके 70 साल का जो बकाया है, सरकार बनने के बाद उसे ब्याज समेत चुकाएंगे। उन्होंने जनता से कहा आपका एक–एक वोट भारतीय जनता पार्टी और केशव प्रसाद मौर्य पर कर्ज होगा जिसका ब्याज समेत भुगतान करेंगे। सपा पर हमलावर मौर्य ने कहा कि साइकिल का बटन दबाने का मतलब गुंडे, अपराधी, माफिया को जीवन देना है। भाजपा का बटन दबाने का मतलब गरीब को मकान देना है। उन्होंने कहा कि गुंडे अपराधियों का पालन–पोषण करने वाली सपा, बसपा, कांग्रेस गरीबी हटाओ का नारा दे सकती हैं। धोखा देकर सरकार बना सकती हैं, लेकिन सरकार बनने पर वह सिर्फ गरीबों को लूटती हैं। उन्होंने कहा किसान भाईयों को मालूम है कि उनके खातों मे नरेन्द्र मोदी की तरफ से साल में दो–दो हजार रुपये की तीन किश्त के माध्यम से छह हजार आता है। जिसमें कोई बिचौलिया या दलाल नहीं है। उन्होंने जनता से पूछा सपा–बसपा की सरकार में बिना रिश्वत दिए किसी को नौकरी नहीं मिलती थी। अखिलेश यादव की सरकार में ढाई लाख नौकरी मिली। हमारी सरकार ने साढ़े चार लाख से ज्यादा नौकरी दी और जिसे नौकरी मिली है उसे कोई रिश्वत नहीं देनी पड़ी।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बदायूं की शेखपुर विधानसभा में प्रत्याशी धर्मेंद्र शाक्य, बिजनौर की नूरपुर विधानसभा में प्रत्याशी सी.पी. सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को भी सम्बोधित किया। उन्होंने सहारनपुर के विधानसभा नकुड़ में प्रत्याशी मुकेश चौधरी के लिए जनसभाओं को सम्बोधित किया। डिप्टी सीएम ने जनसभाओं में जनता से पूछा कि विकास के लिए लक्ष्मी चाहिये, तो बताइये वो साइकिल पर बैठकर आती है क्या, हाथी पर बैठकर आती हैं क्या या हाथ के पंजे पर बैठकर आती हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी कमल के फूल पर बैठकर आती है। मुझे विश्वास है कि साइकिल को आप पंचर कर देंगे।

मौर्य ने मतदाताओं से अपील की कि सभी विरोधियों की जमानत जब्त करा दीजिए। उन्होंने यूपी में पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में कराए गये विकास कार्यो का जिक्र करते हुए कहा कि मैं बार–बार कहता हूं कि विश्वास करो तुम मोदी पर, वह नवयुग के निर्माता हैं। ऐसा नेता इस धरती पर, एक बार ही आता है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही साइकिल पंचर हो गई है। 50 से ज्यादा कमल के फूल खिल चुके है। दूसरे चरण का चुनाव यहां होना है। मैं आपसे कहना चाहता हूं 'फिर एक बार 300 पार और बार–बार भाजपा सरकार'। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन से अगले पांच साल में हर घर में नल से जल मिलने लगेगा। उन्होंने कहा 10 मार्च को भारतीय जनता पार्टी की सरकार के शपथ लेने के बाद किसी किसान को बिजली का बिल नहीं देना होगा। उसका भुगतान सरकार करेगी। जलालाबाद विधानसभा में जनसभा को सम्बोधित करने से पहले केशव प्रसाद मौर्य ने भारत माता की जय और जय राम के जयकारे लगाए और जनता से कहा 'आवाज में दम है इसलिए साइकिल का पंचर होना तय है'।

# महमूदाबाद को जिला बनाने के लिए हमेशा रहूंगा प्रयासरतः अम्मार

सीतपुर।महमूदाबाद को जिला बनाने का मेरा अभियान जीवनोपरांत चलता रहेगा। मेरी इच्छा है कि मेरे न रहने पर इस मुद्दे को क्षेत्र के युवा आगे बढ़ाएं। यदि महमूदाबाद को जिला बनाने व कताईमिल को चालू करवाने की जिम्मेदारी क्षेत्र का कोई भी राजनेता ले ले तो वे पूरे परिवार के साथ राजनीति से सन्यास ले लेंगे।

क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें जहां जाने के साथ फरियाद करनी पडेघ्गी वे करेंगे। उक्त बातें मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट आफ ह्यूमनिटीज साइंस एंड टेक्नोलाजी के सचिव व प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय शीर्ष नेतृत्व से अनुमति लेकर उन्होंने महमूदाबाद में अपने बेटे और बसपा प्रत्याशी मीसम अम्मार रिजवी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने विर्तमान विधायक का नाम लिए बिना कहा कि यहां के माननीय ने महमूदाबाद को जिला बनाने में हमेशा रोड़ा अटकाया है। उन्हें लगता है कि यदि महमूदाबाद जिला बन गया तो उनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। यदि महमूदाबाद 2001 में भाजपा शासनकाल में जिला बन गया होता तो आज क्षेत्र की तस्वीर कुछ और होती। किंतु तत्कालीन प्रदेश के भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह को महमूदाबाद आने से रोंक दिया गया क्योंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री आकर महमूदाबाद को जिला बनाने की घोषणा करने वाले थे। इसके बाद 2016 में भी सपा नेतृत्व वाली सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को भी महमूदाबाद को जिला बनाने की घोषणा करने से रोंक दिया गया। उन्होंने कहा कि यहां के निवर्तमान विधायक द्वारा कताई मिल को चालू करवा पाने व महमूदाबाद को जिला बनाने का प्रयास करने से भी सीधे मना कर दिया है जो बेहद निराशाजनक है।

# स्व. पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किए अर्पित

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला प्रभारी प्रकाश पाल और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजाबक्स सिंह ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्व. पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

जिला प्रभारी ने पुण्यतिथि पर पंडित दीनदयाल को याद करते हुए कहा कि भाजपा आज के दिन को समर्पण दिवस के रूप में मनाती है। एक सच्चे देशभक्त, गहन विचारक और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवतावाद और अंत्योदय के सिद्धांतों ने भारतीय जनता पार्टी को को देश तथा वंचितों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया और वह सभी के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे।

इस मौके पर राजाबक्श सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबो के कल्याण कर अनेक योजनाओ एवं कार्यक्रमां के माध्यम से साकार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के अंत्योदय के लक्ष्य के आधार पर नये भारत के संकल्प का ही परिणाम है कि गांव, गरीब एवं किसान के जीवन में निरंतर बदलाव आ रहा है और देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय महान चिन्तक, संगठनकर्ता एवं भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए आपने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत किया। महामंत्री अनुराग मिश्र ने कहा, आज उनकी एकात्म मानववाद की प्रगतिशील विचारधारा देश के विकास में बहुत काम आ रही है। इस अवसर पर जि लाकार्यालय मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक, जिला मंत्री अतुल सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्वराज सिंह, सत्यम शुक्लाहर्षित आदि मौजूद रहे।

## अचानक वैन में लगी आग, बाल-बाल बचे लोग

सीतापुर। थाना रेउसा क्षेत्र के शिवपुरी गांव में एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि वैन में सवार महिलाएं व बच्चे बाल बाल बच गए। रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम बनियन पुरवा (राजापुर) से मांगलिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे सर्वेश कुमार निवासी रसूलपुर की मारुति वैन में शिवपुरी गांव के पास अचानक आग लग गई। मारुति वैन में परिवार की महिलाये व बच्चे सवार थे। जिन्हें गाड़ी का शीशा तोड़ कर कड़ी मशक्कत से बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि वैन एलपीजी गैस से चलती थी।आशंका जताई जा रही है कि गैस पाइप में रिसाव होने से चलती गाड़ी में अचानक आग लग गयी। घटना के समय वैन स्वामी सर्वेश कुमार मांगलिक कार्यक्रम से परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ रसूलपुर घर वापसी कर रहे थे।आग लगने पर महिला और बच्चों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। जिसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया गया।आग की तेज लपटों में पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई।घटना में सभी महिलाएं और बच्चे सुरक्षित हैं। किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को संजीवनी दे गए नड्डा

सीतापुर। बिसवां विधानसभा में बिखरे भाजपा कार्यकर्ताओं को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संजीवनी देने का काम किया।वहीं टिकट न मिलने से छुब्ध कुछ भाजपा नेताओं को भी चुनाव संचालन की बैठक में कड़ी फटकार के साथ पार्टी के लिए कार्य करने की हिदायत दी गयी। कार्यक्रम के मंच पर सभी असंतुष्ट भाजपा नेताओं को पूरी तहजीर देकर बिठाया ही नही गया बल्कि उन्होंने लोगों से इस चुनावी महायज्ञ में सहयोग करने की बात भी कही। इस क्षेत्र के कई दिग्गज नेता पार्टी के साथ तो खड़े हैं पर उनकी सेनाएं सपा के साथ लगी है।इसलिए पार्टी चुनावी माहौल नही बना पा रही है।बहरहाल राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रभाव सर्वण मतदाताओं के साथ बागी नेताओं पर कितना असर डालेगा यह समय बताएगा। फिलहाल भाजपा कार्यकर्ताओं को एक बार मंथन करने को मजबूर कर दिया है।

## 160 मरीजों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

सीतापुर। डिवाइन फिजियोथेरेपी एंड रिहैब्लिटेशन क्लीनिक ने 11 फरवरी को अपना 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया । जिसके उपलक्ष्य में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से हड्डी एवं न्यूरो से संबन्धित, सामान्य चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा से संबंधित मरीजों का निरूशुल्क परीक्षण किया गया। जहां डॉक्टर कौशल वर्मा ऑर्थोपेडिक सर्जन,डॉक्टर मुदित पांडे एवं डॉक्टर मनीष वर्मा, डॉ आनंद सिंह एवं डॉ हिमांशु वर्मा ने मरीजों का उपचार एवं परामर्श दिया।मरीजों की फिजियोथेरेपी भी की गई। जिसमें लगभग 160 मरीजों ने सेवाएं प्राप्त की।

## जल संरक्षण के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

सीतापुर। नेहरू युवा केंद्र सीतापुर द्वारा विकासखंड मछरेहटा के जय नारायण द्विवेदी इंटर कॉलेज परसदा में जल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ उप निरीक्षक मछरेहटा अनिल तिवारी, प्रधानाचार्य डी पी यादव शिवनाथ चौधरी सोमी शर्मा व किशोर द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। मुख्य अतिथि अनिल तिवारी ने कहा कि जब हम कहते हैं जल ही जीवन है तो हमें जल की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उसके संरक्षण व संवर्धन पर विचार करना चाहिए हम सभी का दायित्व है कि इसके दुरुपयोग से बचने के लिए आम जनमानस को जागरूक करें। प्रधानचार्य डी पी यादव ने कहा जल के बिना जीवन असंभव है यदि समय कहते संपूर्ण जनमानस इसकी उपयोगिता को समझते हुए संरक्षण का प्रयास नहीं करेगा तो आने वाला कल घातक सिद्ध हो सकता है । संरक्षण में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें। गोमती शर्मा ने कहा नेहरू युवा केंद्र द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर जल . कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में विकासखंड मछरेहटा द्वारा जन . कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रभात अभिषेक शर्मा अंकित मौर्य मोहित वर्मा सुमित पुनीत सक्षम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## सपा महासचिव वीरे यादव ने विधायक से जान का खतरा बताया

हरदोई। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह यादव वीरे ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव,राज्य निर्वाचन आयुक्त समेत शासन के आला अफसरों को पत्र लिखकर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू से जान का खतरा बताया है। उन्होंने पत्र में कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के डर से बौखलाए विधायक के दबाव में पुलिस प्रशासन के अफसर उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक की दबंगई से त्रस्त होकर सवायजपुर की जनता ने उनके सगे भतीजे को प्रधानी का चुनाव हराकर सपा समर्थक विजय बाजपेई को जीत दिलाई है। जिससे विधानसभा चुनाव में विधायक को अपनी हार का डर सता रहा है। जिसके चलते उन्होंने उन्हें फोन कर चुनाव में मदद न करने पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी थी। इसी वजह से उनके खिलाफ लोनार थाने में फर्जी मुकदमा लिखा दिया गया।उन्होंने कहा कि 2017 से विधायक प्रशासन से दबाव खालकर उनका लगातार उत्पीड़न करा रहे हैं। इस मामले में कई बार वह सपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत करा चुके हैं।

# राष्ट्रीय पुरस्कार से पुनः नवाजे गये खण्ड शिक्षा अधिकारी

## शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों की बदरंग तस्वीर को बदलने में निभाई अहम भूमिका

हरदोई।यदि व्यक्ति के मन में कुछ बेहतर करने की तमन्ना हो और वह उसके लिए सदैव प्रयत्नशील हो, तो शिक्षा व्यवस्था की बदरंग तस्वीर को बदलने में देर नहीं लगती। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के अथक प्रयास से कछौना की बदरंग तस्वीर को बदलने में देर नहीं लगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी के ष्पढ़ेगा कछौना–बढ़ेगा कछौनाष के मूल मंत्र का पालन करते हुए विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं, कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों की तस्वीर को साकार कर दिया। विकास खण्ड में खेलकूद प्रतिभाओं व बच्चों ने जिले व प्रदेश स्तर पर प्रतिभाग कर ब्लॉक कछौना का गौरव बढ़ाया। उन्हीं के प्रयास से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सैकड़ों छात्रों ने सफलता प्राप्त की। एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से प्राथमिक स्तर के सभी विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाएं संचालित हैं। वह शिक्षकों के साथ बेहतर टीम भावना के साथ कार्य करते हैं, जिससे विकास खण्ड के शिक्षकों को भी उनसे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता रहता है। जिसके फलस्वरूप विकास खण्ड कछौना की सूरत और सीरत बदल गई है। यह विद्यालय अब सुविधा संपन्न निजी विद्यालयों को मात दे रहे हैं। जिसके फलस्वरूप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर नवाचार के कारण खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस को दोबारा शासन द्वारा नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान में नेशनल अवार्ड के लिए नामित होने के बाद ऑनलाइन प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण दी जाती है। इस संस्थान द्वारा जिले के तीन अधिकारी पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस, खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश को नंबर वन अवार्ड के लिए घोषित किया गया है। पैनल में शामिल शिक्षा मंत्री सुभाष सरकार ने सभी को बधाई दी। इस उपलब्धि से शिक्षक समाज गौरवान्वित है। एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला जारी है।

## मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

सीतापुर। नागरिक अधिकार संगठन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बिसवां विधानसभा के गेरुहा गांव में आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 23 फरवरी को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील उपस्थिति जन समूह से किया गया। नागरिक अधिकार संगठन के सचिव हरीशंकर गुप्ता ने मतदाताओ को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग लोकतंत्र के इस महान यज्ञ में अपने वोट रूपी आहूत जरूर डालें, वोट आप जाति धर्म के नाम पर नही अपने मुद्दों पर वोट करे। क्योकि मतदान में एक एक वोट बहुत ही कीमती होता है।आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करे जो विना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे। इसके लिए मतदान करना बहुत आवश्यक है।आप अपने अधिकार को पहचानो बिना किसी हिचक के अपने मत का प्रयोग करे। संतोष कनौजिया ने कहा वोट का प्रयोग करते समय हमें अच्छी तरह यह भी समझना होगा कि यह अवसर हमे जहां पांच वर्ष बाद मिलता है वही यह हमारे राज्य और समाज के भविष्य का मामला है।यदि पढ़े लिखे लोग अक्सर मतदान करने नही जाते ,जिससे गलत प्रत्याशी का चयन होता है। इस अवसर पर कमलेश कुमार विश्वकर्मा,रामसागर शर्मा, राकेश भार्गव,बैजनाथ भार्गव,मेहदी हसन,लल्लू कनौजिया,नंद किशोर यादव,मुलायम सिंह ,ताराचंद्र,वीरेश यादव,सकटू भार्गव,राजेश कुमार गौतम,बनवारी भार्गव,कमलेश कुमार आदि सहित सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।

# बिलग्राम के ग्राम पंचायत परसोला के ग्रा पंचायत भवन में हुआ लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ

हरदोई।न्याय चला निर्धन से विषय पर अलका पाण्डे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सचिवध्तहसीलदार बिलग्राम राजीव यादव के निर्देश पर ग्राम पंचायत परसोला विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम सचिवालयध्पंचायत भवन में स्थापित किये गये लीगल एड क्लीनिक का खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती शैलवाला श्रीवास्तव जी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि लीगल एड क्लीनिक खुलने से लोगों को अब जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।अब कोर्ट व थानों से संबंधित कानूनी लीगल सुझाव दिए जा सकेंगे।तथा ब्लाक से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण लीगल एड कलीनिक के माध्यम से मेरे द्वारा किया जायेगा।लीगल एड क्लीनिक तहसील बिलग्राम प्रदीप कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना ही इसलिए हुई है कि आप सभी की समस्या का निशुल्क निस्तारण किया जा सके। लीगल ऐड क्लीनिक से आप सभी को न सिर्फ अधिवक्ता की सहायता मिलेगी, बल्कि आपके मुकदमें में पैरोकार मिलेगा। प्राधिकरण को किसी भी सीमा में नहीं बाधा जा सकता है, वह आपकी समस्या के निस्तारण के लिए ही है आप सभी की समस्या के लिए लीगल ऐड क्लीनिक का शुभारम्भ किया गया है जिससे आप अपने अधिकारों को जान सके । उद्घाटन के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी अभय सिंह ,ग्राम प्रधान रामकुमार,ग्राम प्रधान प्रतिनिधी गजेन्द सिंह, लीगल एड क्लीनिक तहसील बिलग्राम प्रदीप कुमार,नवनियुक्त लीगल एड क्लीनिक रुबी देवी, पीएलवी वीरेन्द कुमार,रईसपाल,उमेश दोहरे,अजय कुमार, एवं ग्रामवासी आदि मौजूद रहे।

## लापता युवक अंधेरे कमरे से बरामद, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

हरदोई। .शाम को खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला युवक जब देर रात तक घर नही पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई उन्होंने खोजबीन शुरू की, साथ ही पुलिस को सूचना दी। सुबह लापता युवक को गांव के ही एक व्यक्ति के मकान के अंदर बंद कमरे से बरामद किया गया। पाली थाना क्षेत्र के बाबरपुर गांव निवासी हरि कृष्ण द्वारा शाम को दी गई तहरीर मैं कहा गया था कि उनका 13 वर्षीय पुत्र सोमदेव उर्फ टोनी शाम को 4:00 बजे खेत पर जाने के बाद घर से निकला था,जब देर शाम हुए घर वापस नहीं लौटा तो खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।हरि कृष्ण की सूचना पर पूरी रात पुलिस लापता युवक की तलाश में खाक छानती रही लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। . सुबह गांव निवासी सोनू दीक्षित के मकान से किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी जिसके बाद परिजन मकान के अंदर घुस गए देखा तो सोमदेव उर्फ टोनी एक अंधेरे कमरे में बंधक मिला। पुलिस ने युवक को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है बहुत ही जल्द गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

# तडप तडप कर दम तोड दिया उन्नाव की बेटी ने, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ चौकाने वाला खुलासा

## कोतवाल पर निलंबन की कार्यवाही, सीओ से मांगा स्पष्टीकरण

उन्नाव। विगत दिनों दो माह से लापता युवती का शव मिलने के बाद से सियासत एक बार फिर से गर्मा गई है। जहां एक तरफ विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा तकनीकी माध्यम से लगातार घटना की निंदा की जा रही है दूसरी तरफ आरोपियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही की भी मांग की गई है। ऐसे में कही न कही सवाल पुलिसिया कार्यशैली पर भी खडे हो रहे है। बता दें कि बीते दो माह से लापता युवती पूजा का शव पूर्व राज्यमंत्री फतेहबहादुर सिंह के प्लाट से गत दिवस बरामद किया गया। पुलिस ने शव को परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो खुलासा हुआ उसने सबको हैरान कर दिया। दो माह पूर्व लापता युवती की मां पुलिस की चौखट पर न्याय की गुहार लगाती रही लेकिन पुलिस ने शुरुवात में कोई गंभीर कदम नही उठाए। महज गुमशुदगी में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उन्नाव की बेबश पुलिस बेबश बनी रही। खुलासे के बाद कार्यवाही का चाबुक महज निचले क्रम के अधिकारियों पर चला जब कि सीओ सिटी को केवल स्पष्टीकरण का नोटिस थमा कर अभयदान दे दिया गया। अब आगे पुलिस की कार्यशैली क्या होगी यह तो आने वाला समय एवं जांच की प्रगति बताएगी लेकिन बेबश मां अब किसे बिटिया कहकर पुकारेगी इस का उत्तर शायद किसी के पास न हो।

इधर, बात अगर पोस्टमार्टमरिपोर्ट की करें तो पूजा की हत्या गला दबाकर की गई है। रिपोर्ट की माने तो पूजा का गला इतनी बेरहमी से दबाया गया कि उसके गले की हड्डी तक टूट गई। जब दरिंदों का मन इतने से भी न भरा तो उसके सिर पर रॉड से जोरदार हमला कर सिर फोड दिया।

तीन चिकित्सकों के पैनल ने किया पोस्टमार्टमः मृतका के शव का पोस्टमार्टम तीन चिकित्सकों के पैनल न किया। जिसमें डा0 अजीत सिंह, डा0 निधि दुबे, डा0 संजीव कुमार शामिल रहे। पीएम रिपार्ट के खुलासे ने कही न कही चौका दिया। युवती की हत्या गला दबाकर की गई। इतनी बेरहमी से दरिंदों ने गला दबाया कि उसके गले की हड्डी तक टूट गई। चिकित्सकों की माने तो पूजा की मौत तडप तडप कर हुई होगी।

ये है पूरा घटनाक्रमः शहर कोतवाली अर्न्तगत के मोहल्ला काशीराम कॉलोनी की रहने वाली दलित महिला रीता की 25 वर्षीय पुत्री पूजा 8 दिसंबर 2021 से गायब थी। इसके बाद पीड़िता ने 9 दिसंबर को सपा के पूर्व राज्यमंत्री फतेहबहादुर सिंह के बेटे राजोल सिंह के खिलाफ तहरीर देते हुए बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। मामला सपा के पूर्व राज्यमंत्री और कद्दावर नेता रहे फतेह बहादुर के बेटे से जुड़ा होने के चलते पुलिस लगातार हीलाहवाली करती रही। मामले में सीओ कृपा शंकर ने मुकदमे में जांच करने के लिए एक माह से अधिक का समय लगा दिया और 11 जनवरी को विवेचना अपने हाथों में ले ली।

बसपा सुप्रीमों ने किया तीखा प्रहारः बसपा सुप्रीमों मायावती ने इस मुद्दे पर कई सवाल खडे किए है। उन्होने सोशल मीडिया परकहा कि सपा नेता के खेत में दलित युवती का दफनाया हुआ शव बरामद हुआ है। जो अति गंभीर मामला है। यूपी सरकार को उक्त प्रकरण में गंभीर कदम उठाने चाहिए। पीडित परिवार को डीएम ने दिया आश्वासनः पीडित परिवार की तरफ सोशल मीडिया पर एक मांग पत्र वॉयरल हुआ। जिसमें मृतका की मां ने मांग की कि उसके परिवार को 25 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। बेटे के लिए सरकारी नौकरी की मांग, एक पक्का आवास सहित परिवार के लिए सुरक्षा प्रबंध किए जाए। इसके साथ ही सभी दोषियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की भी मांग पीडिता की मां द्वारा की गई। इधर, जाजमऊ घाट पहुंचे डीएम रवींद्र कुमार ने पीडित परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी, आवास, आर्थिक सहायता सहित परिवार की सुरक्षा के लिए गनर मुहैया कराए जाने की बात कही। उधर, मामले को फास्टट्रैक कोर्ट में चलाए जाने की बात कही गई।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन में छात्र 21 फरवरी तक कर सकेंगे संशोधन

उन्नाव। जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह ने बताया कि उपसचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन के क्रम में वित्तीय वर्ष 2021–22 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा 11–12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित छात्रों को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु तृतीय समय सारिणी निर्गत की गयी थी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि उक्त के क्रम में छात्रध्छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गये आवेदन पत्रों में हुई त्रुटियों को सही करने हेतु दिनांक 11 फरवरी 2022 से 21 फरवरी 2022 तक छात्रों के लॉगिन पर सुविधा प्रदान कर दी गयी है। जिन छात्रध्छात्राओं के आवेदन पत्रों में कोई भी त्रुटि हो उसे सही कर ऑनलाइन सबमिट कर सकते हैं। तत्पश्चात् सही किये गये आवेदन पत्र की हार्डकापी दिनांक 12 फरवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 के मध्य शिक्षण संस्थान में जमा करने के उपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अलका ने कारागार का वर्चुअल निरीक्षण किया

हरदोई।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्रीमती अलका पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीशध् अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई सुरेन्द्र सिंह प्रथम के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में दिनांक 11ध02ध 2022 को जिला कारागार हरदोई का वर्चुअल निरीक्षण किया गया।सचिव द्वारा बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की गई। जिला कारागार हरदोई के पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1791 बन्दी निरूद्ध है। जिसमें 1261 हवालाती पुरुष, 412 कैदी पुरूष तथा 57 हवालाती महिलाएं व 04 महिला कैदी तथा बच्चे 08 बाल किशोर कारागार में 55 बंदी निरूद्ध है।सचिव द्वारा बन्दियों से उनकी समस्या, खान–पान तथा निःशुल्क अधिवक्ता के बारे में जानकारी ली और उनकी समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर जेलर श्री संजय कुमार सिंह डिप्टी जेलर अजय कुमार कुलवन्त,कु. विजय लक्ष्मी,चंद्रकला तथा जिला कारागार के पीएलवी आदि मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# इन तरीकों से काजल को बनाएं अपने ब्यूटी रूटीन का हिस्सा



काजल एक मेकअप प्रोडक्ट है, जो आपको लगभग हर महिला की ब्यूटी किट में मिल जाएगा क्योंकि काजल आंखों की खूबसूरती को बढ़ाने में काफी मदद करता है। हालांकि, क्या आप जानती हैं कि आंखों की निचली आईलिड पर इसका इस्तेमाल करने के अलावा आप इससे कई तरह के मेकअप लुक्स क्रिएट कर सकतीं है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि मेकअप के दौरान आप किन–किन तरीकों से काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

बतौर आईलाइनर करें इस्तेमाल

अगर कभी अचानक से आपका आईलाइनर खत्म हो जाए तो आप काजल का इस्तेमाल आईलाइनर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले काजल की नोक को हल्का गर्म करें, फिर उसे ठंडा करके आंखों की ऊपरी आईलिड पर लगाएं। इससे काजल गहरे काले रंग का लगेगा। आप चाहें तो इससे विंग आईलाइनर लुक भी क्रिएट कर सकती हैं। हालांकि, काजल लगाते समय पलकों को खिंचने की गलती न करें क्योंकि इससे काजल ढंग से नहीं लग पाएगा।

आईब्रो को घना दिखाने में करें मदद

घनी और खूबसूरत शेप वाली आइब्रो न सिर्फ आंखें बल्कि चेहरे की नूर को भी बढ़ाने का काम कर सकती हैं। हालांकि, अगर आपकी आईब्रो घनी नहीं है तो आप इसके गैप को काजल से भरकर इन्हें घना दिखा सकती हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना होगा कि आप काजल की मदद से अपनी आईब्रो को इनर कॉर्नर से भरना शुरू करें, फिर आउटर कॉर्नर तक भरें। ध्यान रखें कि यह काम बिल्कुल हल्के हाथों से करना है।

काजल से बनाएं टाइटलाइन

अगर कभी आपका मन मेकअप किए बिना ही मेकअप लुक पाने का करें तो आप इसके लिए भी काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं। दरअसल, आप अपनी आंखों पर काजल को इस तरह लगा सकती हैं कि किसी को दिखेगा भी नहीं और आपकी आंखें भी बड़ी और खूबसूरत लगेंगी। इसके लिए बस आप अपनी ऊपरी आईलिड की इनर लैश पर काजल लगाएं। इससे आपकी पलके हैवी लगेगी और आंखें अधिक खूबसूरत।

काजल से दें आंखों को स्मोकी लुक

अमूमन महिलाएं आंखों को स्मोकी लुक देने के लिए आईशैडो का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन आप चाहें तो यह काम काजल की मदद से भी कर सकती हैं। आंखों को स्मोकी लुक देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी ऊपरी आईलिड पर काजल की मोटी परत लगानी होगी। इसके बाद आपको अपनी उंगली या फिर फ्लैट ब्रश से इसे फैलाना होगा। इससे आपको स्मज इफेक्ट मिलेगा और बस आपका स्मोकी लुक तैयार है।

## गायत्री दातार ने मेरे साईः श्रद्धा और सबुरी से हिंदी टीवी में अपनी शुरूआत की

गायत्री दातार ने हिंदी टीवी में मेरे साईंरूश्रद्धा और सबूरी शो से अपनी शुरुआत की है, जिसमें वह सुमित्रा की महत्वपूर्ण भूमिका



निभाती नजर आ रही हैं। अपनी भूमिका और अपने पदार्पण के बारे में बताते हुए गायत्री ने कहा कि मैं मेरे साई जैसे शो के साथ डेब्यू करके बहुत खुश हूं, जो दर्शकों का पसंदीदा है। जब मुझे सुमित्रा की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया, तो मैं वास्तव में इस भूमिका को निभाने के लिए आश्वस्त थी। वह आगे कहती हैं, मैंने पहले जो देखा है, उससे यह लुक भी बहुत अलग है। बिना किसी मेकअप के कैमरे के सामने रहने के लिए साहस चाहिए। मैं भूमिका से बहुत खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को एपिसोड देखने में मजा आएगा। मेरे साईंरू श्रद्धा और सबूरी सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है। गायत्री दातार मध्यम वर्गीय परिवार से है और उन्होंने सबसे पहले 2016 में अजिंक्य लोखंडे प्रस्तुत असहिष्णु इस लघु फिल्म में भी काम किया है. गायत्री दातार का जन्म महाराष्ट्र के मुंबई शहर में हुआ। हाल ही में वह पुणे में शिफ्ट हुई। उन्होंने उनकी एक्टिंग करियर की शुरुआत तुला पाहते रे मराठी सीरियल से की थी. आज के दिनों में वह एक प्रोफेशनल मराठी एक्ट्रेस है इसी के साथ मॉडल और हाल ही में वह बिग बॉस में आने की वजह से सुर्खियों में है. गायत्री दातार को पहले से है एक्टिंग करना पसंद था इसलिए इन्होने एक्टिंग में अपना करियर स्टार्ट किया है और एजुकेशन उनकी शौक पर्वतारोहण में किया है.

## बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर श्रॉफ के साथ फिर दिखेंगी श्रद्धा कपूर



फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। हाल में खबर आई थी कि इस फिल्म में पहली बार टाइगर अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे। फिल्म को वाशु भगनानी बना रहे हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि बागी 3 में टाइगर की को–स्टार रहीं श्रद्धा कपूर उनके साथ नजर आएंगी। ऐसे में टाइगर के साथ श्रद्धा को एक बार फिर पर्दे पर देखना रोमांचकारी अनुभव होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां में एक बार फिर टाइगर और श्रद्धा एक साथ नजर आएंगे। एक सूत्र ने कहा, यह एक बड़े बजट का प्रोजेक्ट होगा। ऐसा लगता है कि जैसे इस प्रोजेक्ट में कलाकारों का रीयूनियन हो सकता है। श्रद्धा अपने बागी 3 के सह–कलाकार टाइगर के साथ एक बार फिर इस फिल्म में शामिल हो सकती हैं। हालांकि, इसको लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। श्रद्धा और टाइगर दोनों बागी 3 और बागी में साथ काम कर चुके हैं। बागी 3 2020 में रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 140 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म में दिशा पटानी और अंकिता लोखंडे भी नजर आई थीं। बागी ने 521 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। इस फिल्म में सुधीर बाबू और रितेश देशमुख भी नजर आए थे। उम्मीद है कि दोनों की पिछली फिल्मों की तरह बड़े मियां छोटे मियां भी हिट रहेगी। टाइगर और श्रद्धा दोनों के पिता बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता हैं। इन दोनों के बीच बचपन से दोस्ती रही है। यही वजह है कि उनकी बॉन्डिंग स्क्रीन पर अच्छी दिखती है। वे जल्द इस प्रोजेक्ट को साइन कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर हैं, जो फिल्म को 300 करोड़ रुपये के बजट में बनाने वाले हैं। इस लिहाज से यह अब तक की बॉलीवुड की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल हो जाएगी। इसके लिए अक्षय 140–150 करोड़ रुपये तो टाइगर 35–40 करोड़ रुपये की फीस ले रहे हैं। मतलब यह कि फिल्म का लगभग 60 प्रतिशत बजट केवल कलाकारों की फीस पर जा रहा है। 1998 में रिलीज हुई कॉमेडी एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अमिताभ बच्चन और गोविंदा की जोड़ी खूब पसंद की गई थी। फिल्म में दोनों ने डबल रोल किया था। हालांकि, वाशु भगनानी की यह फिल्म रीमेक नहीं है। टाइगर जल्द ही फिल्म हीरोपंती 2 में दिखाई देंगे। वह फिल्म गणपत को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसके अलावा टाइगर बागी 4 में भी दमदार एक्शन करते दिखेंगे। श्रद्धा रणबीर कपूर अभिनीत लव रंजन की अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। पंकज पराशर की फिल्म चालबाज इन लंदन में भी वह अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। साथ ही उन्हें अमर कौशिक की स्त्री 2 में भी देखा जाएगा। इसमें राजकुमार राव लीड रोल में हैं।

## जल्द ही साउथ डायरेक्टर के साथ काम करती हुई नजर आने वाली है जैकलीन



जैकलीन फर्नांडीज ने हाल ही में अक्षय कुमार के साथ राम सेतु और रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित रणवीर सिंह के साथ सर्कस की शूटिंग को पूरा कर चुकी है। और अब, जैकी का आने वाला प्रोजेक्ट थलाइवी के निर्देशक एएल विजय के साथ करने जा रही है। रिपोर्ट्स की माने तो यह अभिनेत्री के लिए एक नया स्पेस है और वह इस चौलेंज के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है।

रिपोर्ट्स के अनुसार यह करैक्टर कुछ ऐसा है जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है और प्रेप्रशन्स अभी से शुरू कर दी है। मूवी की शूटिंग शुरू से अंत तक के शेड्यूल में 2 माह की अवधि में लंदन में की जाने वाली है। जबकि फिल्मांकन मार्च में शुरू होने वाली है, टीम इसे अप्रैल के अंत तक समाप्त कर देगी।

खघ्बरों की माने तो जैकलीन बच्चन पांडे के प्रोमोशन के लिए भी तैयार हैं क्योंकि मूवी इस वर्ष होली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। मूवी को नाडियाडवाला ग्रैंडसन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया गया है जिसमें जैकलीन के साथ अक्षय कुमार और कृति सेनन मुख्य रोल में नजर आने वाले है। अभिनेत्री के पास बच्चन पांडे, राम सेतु, अटैक, सर्कस और किक 2 जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट हैं जिनका एलान पहले ही किया जा चुका है।

## लाल टमाटर के साथ साथ हरा टमाटर भी सेहत के लिए होता है फायदेमंद, इन अंगो के लिए होता है फायदेमंद



टमाटर का सेवन करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है इसी कारण लोग टमाटर का सेवन सब्जी में ही नहीं बल्कि सूप, जूस और सलाद में भी करते है लेकिन आपने अभी तक लाल टमाटर के फायदों में ही जाना होगा लेकिन आज हम आपको इस आर्टिकल में हरे टमाटर जिनको आमतौर पर कच्चा टमाटर भी कहा जाता है उसके फायदों के बारे में बताने जा रहे है ये सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाता है

इम्युनिटी बूस्ट करे

हरे टमाटर में भरपूर मात्रा में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते है इससे हमारे शरीर की इम्युनिटी बूस्ट होती है और इससे जल्द बीमार होने या किसी भी तरह के संक्रमण का खतरा काफी कम होता है

ब्लड क्लॉटिंग नहीं होने देता

हरे टमाटर में काफी ज्यादा विटमिन के पाया जाता है इससे ब्लड क्लॉटिंग नहीं होती है क्योकि हरा टमाटर खून के थक्को को नार्मल करने में मदद करता है

आँखों के लिए फायदेमंद

हरे टमाटर का सेवन करने आँखों की कमजोर नहीं होती है क्योकि इसमें बीटा–केरोटीन भरपूर मात्रा में मौजूद होता है इसलिए हरा टमाटर आँखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है

ब्लड प्रेशर को कम करे

ब्लड प्रेशर को कम करने के लिए हरा टमाटर काफी ज्यादा फायदेमंद होता है जिन लोगो का ब्लड प्रेशर काफी ज्यादा होता है उनके लिए हरा टमाटर का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है क्योकि इसमें सोडियम और पोटेशियम पाया जाता है

स्कीन के लिए फायदेमंद

हरा टमाटर स्कीन के लिए बहुत लाभदायक होता है दरअसल टमाटर में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो डेड स्कीन को हटाने में मदद करता है साथ ही स्कीन में झुर्रिया भी नहीं पडने देता है

